RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 56 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,सोमवार, 24 अगस्त 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## सरकार से जवाब नहीं, अब आंदोलन की राह पर फिर विचार करेगी सीजेपी

- सीजेपी ने साफ-साफ कहा है कि आज बैठक में आगे के हर विकल्प पर चर्चा होगी
- पार्टी ने कहा कि बार-बार कहने के बावजूद केंद्र सरकार ने सूची देने की कोई स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई

एजेंसी। नई दिल्ली



कॉकरेच जनता पार्टी सोमवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक करेगी। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों की समीक्षा होगी। सीजेपी का कहना है कि 25 जुलाई को आंदोलन वापस लेने के बाद से अब तक सरकार ने उससे औपचारिक रूप से संपर्क नहीं किया है। यह भी नहीं बताया गया है कि छात्रों और प्रदर्शनकारियों से जुड़े वादों को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सीजेपी ने साफ-साफ कहा है कि सोमवार की बैठक में आगे के हर विकल्प पर चर्चा होगी। जरूरत पड़ी तो फिर से देशभर में शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करने पर भी फैसला लिया जा सकता है। पार्टी का कहना है कि उसने सरकार के भरोसे पर अपना आंदोलन खत्म किया था। इसलिए उसके इस भरोसे को कमजोरी समझना गलत होगा। सीजेपी का यह रुख सुप्रीम कोर्ट में 18 अगस्त को हुई सुनवाई के कुछ दिन बाद सामने आया है। उस दिन शीर्ष अदालत ने देशभर में छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी की एक संयुक्त सूची मांगी थी। सीजेपी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से तीन बार यह सूची देने को कहा था। अदालत इस बात पर विचार करना चाहती थी कि अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर इन मामलों को रद्द किया जा सकता है या नहीं। पार्टी ने कहा कि बार-बार कहने के बावजूद केंद्र सरकार ने सूची देने की कोई स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई।

### सुनवाई के बाद नेताओं ने जताई चिंता

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के तुरंत बाद सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास और कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने भी चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि आंदोलन खत्म होने के बाद सरकार युवाओं के साथ किए गए वादों से पीछे हटती हुई दिखाई दे रही है। सीजेपी का कहना है कि सरकार के साथ बातचीत करने वाले प्रतिनिधिमंडल ने भी उससे औपचारिक रूप से संपर्क नहीं किया। पार्टी को अब तक यह नहीं बताया गया कि प्राथमिकी वापस लेने या रद्द कराने और मुआवजे जैसे आश्वासनों पर क्या कार्रवाई हुई है।

### मामले से जुड़ी पांच बड़ी बातें

- आंदोलन से जुड़े सभी मामलों को वापस लेने या रद्द करने का आश्वासन दिया गया था।
- भविष्य में किसी छात्र या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी पर दंडात्मक कार्रवाई न करने की बात कही गई थी।
- परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या करने वाले नीट-यूजी अभ्यर्थियों के परिवारों को मुआवजा देने का भी आश्वासन था।
- सीजेपी ने छात्रों, युवाओं, समर्थकों और स्वयंसेवकों से सोमवार के फैसले के लिए तैयार रहने को कहा है।
- राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सीजेपी आगे की पूरी रणनीति तय करेगी।

### वादों से पीछे हटने पर 'विश्वासघात' मानेगी सीजेपी

कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा कि 25 जुलाई को आंदोलन वापस लेने का फैसला सरकार के भरोसे और उसके आश्वासनों के आधार पर किया गया था। सीजेपी ने चेतावनी दी कि वादों को कमजोर करने, उन्हें टालने, उनका अलग मतलब निकालने या उनका सम्मान न करने की किसी कोशिश को देश के युवाओं के साथ विश्वासघात माना जाएगा। सीजेपी ने कहा कि सोमवार की बैठक में मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी। इसके बाद पार्टी तय करेगी कि आगे क्या कदम उठाया जाए।

## अभिजीत दीपके की वजह से भाजपा को समझ आए जेन-जी के मुद्दे: संजय राउत

- देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के अन्य नेताओं को अभिजीत दिपके की तस्वीरें लगानी चाहिए: राउत

'एजेंसी। नई दिल्ली



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें अपने कार्यालय में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके की तस्वीर लगानी चाहिए। राउत ने कहा कि दीपके की वजह से ही फडणवीस और भाजपा नेताओं को जेन-जी के मुद्दों के बारे में जानकारी हुई। पत्रकारों से बातचीत में राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छात्र संपर्क कार्यक्रम को भाजपा की ओर से पैसे की गूंज कहे जाने पर भी निशाना साधा। भाजपा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पैसे दिए। राउत ने सवाल किया कि अगर राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम पैसे देकर आयोजित किया गया था, तो 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये देने वाली 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' क्या थी? राउत ने कहा, देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के अन्य नेताओं को अभिजीत दिपके की तस्वीरें लगानी चाहिए। उन्हीं की वजह से उन्हें पता चला कि जेन जी भी है।' इसी बीच फडणवीस ने रविवार को नागपुर में जेन जी के लिए आयोजित 'मंथन 4 युवा' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भाजपा ने शनिवार को पुणे में राहुल गांधी के छात्र कार्यक्रम को पैसे की गूंज बताया था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पैसे दिए। इसके बाद विपक्ष ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा था कि भगवा दल जेनजी के बढ़ते समर्थन से चिंतित है। बता दें कि राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए पितृसत्तात्मक सोच पर हमला किया था। उन्होंने कहा था कि महिलाओं को दूसरों पर निर्भर बनाकर रखना 'मनुस्मृति की मानसिकता' का हिस्सा है और महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आगे आना चाहिए।

### 'भाजपा डर की वजह से 'गुंडागर्दी' कर रही है'

इससे पहले राउत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और एक प्रमुख राष्ट्रीय नेता हैं। इसके बावजूद पुलिस ने उनके दौरे पर बहुत ज्यादा शर्तें लगा दीं। जब मोदी जी, अमित शाह या भाजपा के दूसरे नेता दौरे पर आते हैं, तो उन पर ऐसी पाबंदियां नहीं लगाई जातीं कि क्या करना है और क्या नहीं। क्या लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष के साथ ऐसा ही व्यवहार होता है? राउत ने आगे कहा, 'कल लोगों ने गुंडागर्दी की। हालांकि, सितंबर के बाद उनकी गुंडागर्दी का दौर खत्म हो जाएगा।

## गुरुग्राम में देश का पहला नेट जीरो पशु आश्रय केंद्र शुरू



- 500 rescued dogs की क्षमता वाले केंद्र में जितनी ऊर्जा खर्च होगी, उतनी ही पैदा की जाएगी

गुरुग्राम

गुरुग्राम में 500 बेसहारा और रेस्क्यू किए गए कुत्तों की क्षमता वाले दो एकड़ में फैले पशु आश्रय केंद्र का रविवार को उद्घाटन किया गया। इसे भारत का पहला नेट जीरो पशु कल्याण केंद्र बताया गया है। केंद्र के ऊर्जा डिजाइन और नेट जीरो समाधान का कार्य Bootes Infrastructure Ltd ने किया है। केंद्र का उद्घाटन भारत सरकार की पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि करुणा और संवेदना ही दुनिया को आगे बढ़ाती हैं। भारतीय संस्कृति में पशु और पर्यावरण दोनों के प्रति सम्मान की भावना रही है और ये दोनों अलग-अलग जिम्मेदारियां नहीं, बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह नेट जीरो पशु आश्रय सेवा भावना और भारतीय इंजीनियरिंग का बेहतरीन उदाहरण है। इस आश्रय केंद्र का संचालन Wagging Tales Foundation द्वारा किया जा रहा है। Bootes Infrastructure Ltd ने ऊर्जा डिजाइन के माध्यम से केंद्र को नेट जीरो बनाया है। इसके लिए लगभग एक एकड़ क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन की व्यवस्था के साथ भवन में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए विशेष तकनीकी उपाय किए गए हैं। पशु कल्याण को ध्यान में रखते हुए कूलिंग और प्रकाश व्यवस्था उन स्थानों पर विशेष रूप से उपलब्ध कराई गई है, जहां इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इनमें ऑपरेशन थिएटर, उपचार क्षेत्र, लकवाग्रस्त एवं चलने-फिरने में असमर्थ कुत्तों का परिसर तथा प्रशासनिक ब्लॉक शामिल हैं। इससे दिल्ली-एनसीआर की भीषण गर्मी के दौरान ऐसे पशुओं को तापमान नियंत्रित वातावरण उपलब्ध हो सकेगा, जो स्वयं गर्मी से बचने के लिए छांव में नहीं जा सकते। आश्रय केंद्र की प्रमुख मालविका ने बताया कि इस व्यवस्था से बिजली के खर्च में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि दान के माध्यम से चलने वाले आश्रय केंद्र के लिए बचने वाली राशि का उपयोग सीधे पशुओं के भोजन, दवाओं और उपचार पर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पशु सेवा को एक साथ जोड़ना इस परियोजना की सबसे बड़ी उपलब्धि है। Bootes Infrastructure Ltd के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दीपक राय ने कहा कि जो पशु चल नहीं सकता, वह गर्मी से बचने के लिए छांव में नहीं जा सकता। इसलिए आश्रय केंद्र में कूलिंग की व्यवस्था करना केवल सुविधा नहीं, बल्कि पशु कल्याण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी ने नेट जीरो लाइब्रेरी और संग्रहालय जैसी सार्वजनिक परियोजनाएं बनाई हैं, लेकिन पशुओं के लिए नेट जीरो सुविधा तैयार करना उनके लिए विशेष संतोष का विषय है। Bootes Infrastructure Ltd इससे पहले झांसी में दुनिया की पहली नेट जीरो लाइब्रेरी, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय और गांधी स्मृति जैसी परियोजनाओं पर काम कर चुकी है। कंपनी के पास World Bank Group की IFC-EDGE Advanced certification भी है। दोनों संस्थाओं के अनुसार, यह केंद्र देश के अन्य पशु आश्रय गृहों के लिए एक मॉडल परियोजना के रूप में विकसित किया गया है, जिसे अन्य संस्थाएं अपनी जरूरत और परिस्थितियों के अनुसार अपनाकर पशु कल्याण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर सकती हैं।

## 'अरुणाचल की नदियों में तैरना बच्चों का खेल'

### किरेन रिजिजू ने राहुल पर कसा तंज, बोले, उनको ट्रेनिंग की जरूरत

'एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अक्सर अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा करते हैं। वह तैराकी और जिउ-जित्सु जैसी गतिविधियों का भी जिक्र कर चुके हैं। अब केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को अरुणाचल प्रदेश की तेज बहती नदियों में उतरने से पहले प्रशिक्षण लेने की सलाह दी है। हालांकि, किरेन रिजिजू ने यह बात मजाकिया अंदाज में कही। किरेन रिजिजू ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह अरुणाचल प्रदेश की एक नदी में तैरते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि कई लोग उनकी तैराकी की तुलना राहुल गांधी से कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए यह बचपन से ही सामान्य गतिविधि रही है। उन्होंने खुद को अरुणाचल का खिलाड़ी बताते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां उनके लिए बच्चों के खेल जैसी हैं। किरेन रिजिजू ने लोगों को चेतावनी भी दी कि अगर किसी को तैरना नहीं आता है तो उसे गहरे पानी में नहीं उतरना चाहिए। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की नदियां काफी बड़ी और गहरी हैं और इनमें कई लोग डूब चुके हैं। उन्होंने एक अन्य वीडियो में समझाया कि तेज बहाव वाली नदी में तैरना स्विमिंग पूल या शांत पानी में तैरने से बिल्कुल अलग होता है। उनके मुताबिक, तेज बहाव वाली नदी में तैरते समय सिर पानी से ऊपर रखना चाहिए और शरीर को ज्यादा सीधा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता वाली तैराकी में शरीर को सीधा रखने का तरीका अलग होता है।

### राहुल-रिजिजू के बीच पहले भी हो चुकी है बातचीत

राहुल गांधी और किरेन रिजिजू के बीच फिटनेस को लेकर पहले भी मजाकिया बातचीत हो चुकी है। पिछले साल दिसंबर में किरेन रिजिजू ने संसद में राहुल गांधी के साथ हुई बातचीत का वीडियो साझा किया था। उन्होंने उस समय कहा था कि बातचीत राजनीति पर नहीं, बल्कि फिटनेस पर हुई है। बताया गया कि राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू से उनके व्यायाम के बारे में पूछा था और साथ में वर्कआउट करने का सुझाव दिया था। दोनों के बीच मार्शल आर्ट को लेकर भी बातचीत हुई थी। राहुल गांधी ने जिउ-जित्सु की ट्रेनिंग साथ करने की बात कही थी।

### जिउ-जित्सु को लेकर भी हुई थी नोकझोंक

फरवरी में बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी ने लोकसभा में किरेन रिजिजू के साथ हुई इसी बातचीत का जिक्र किया था। उन्होंने बताया था कि किरेन रिजिजू ने उनसे पूछा था कि वह खुद को फिट कैसे रखते हैं। राहुल ने उन्हें अपने जिउ-जित्सु अभ्यास के बारे में बताया था। इसके बाद जून में किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को उनके 56वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी थीं। जवाब में राहुल गांधी ने मजाकिया अंदाज में पूछा था कि दोनों की जिउ-जित्सु की ट्रेनिंग कब होगी। अब अरुणाचल की नदी में किरेन रिजिजू की तैराकी के वीडियो और राहुल गांधी के संदर्भ ने दोनों नेताओं के बीच फिटनेस को लेकर चल रही ये हल्की नोकझोंक फिर चर्चा में है।

### भारत दौरे की जल्दबाजी नहीं: तारिक रहमान को लेकर बांग्लादेश का संदेश, पहले राष्ट्रीय हित फिर नई दिल्ली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। बांग्लादेश ने कहा है कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान के भारत दौरे को लेकर कोई 'जल्दबाजी' नहीं है और ढाका नई दिल्ली के साथ सकारात्मक संबंध चाहता है, लेकिन इसके लिए वह अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। बांग्लादेश के विदेश मामलों के राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने शनिवार को ढाका में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत में पर्याप्त प्रगति होने और जरूरी तैयारियां पूरी होने के बाद ही रहमान की भारत यात्रा होगी। वहीं, शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में एक महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। ऐसे में रहमान की संभावित भारत यात्रा को दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कबीर की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नई दिल्ली दौरे को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। भारत ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को द्विपक्षीय यात्रा के साथ-साथ 12-13 सितंबर को होने वाले आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया है।

## देवेंद्र फडणवीस राहुल गांधी पर हमलावर: बोले, उनका महिला सशक्तीकरण का रुख पाखंडी, कांग्रेस को बताया दिशाहीन दल

'एजेंसी। नागपुर



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मंच से महिलाओं के अधिकार और पितृसत्ता के खिलाफ बोलते हैं, लेकिन संसद में महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करते हैं। फडणवीस ने कांग्रेस को दिशाहीन पार्टी बताते हुए भी निशाना साधा। सीएम फडणवीस ने रविवार को नागपुर में एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी के पुणे में छात्राओं के साथ हुए संवाद का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पहले भाजपा नेता चित्रा वाघ के उस सवाल का जवाब देना चाहिए, जिसमें उनसे पूछा गया है कि वह महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन क्यों नहीं करते।

### 'बातें और काम एक-दूसरे से मेल नहीं खाते'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी पुणे आकर महिलाओं के अधिकारों और सशक्तीकरण की बात करते हैं, लेकिन जिस विधेयक के जरिए महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिल सकता है, उसका विरोध करते हैं। फडणवीस ने इसे राहुल गांधी का 'पाखंडी रवैया' बताया। उन्होंने कहा कि देश की संवैधानिक व्यवस्था में संसद सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में राहुल गांधी की बातें और उनके राजनीतिक कदम एक-दूसरे से मेल नहीं खाते। सीएम फडणवीस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी महिलाओं को अधिकार देने की बात तो करते हैं, लेकिन महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक शक्ति देने वाले कदम का समर्थन नहीं करते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके शब्द और उनके काम एक जैसे नहीं हैं'।

### कांग्रेस को 'दिशाहीन पार्टी' बताया

सीएम फडणवीस ने इस दौरान कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को 'दिशाहीन पार्टी' बताते हुए कहा कि पार्टी के पास कोई स्पष्ट दिशा नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता रोज बयान और भाषण देकर टेलीविजन पर बने रहने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जमीनी स्तर पर प्रभाव कम हो गया है और पार्टी केवल बयान जारी करने तक सीमित रह गई है। सीएम फडणवीस ने कांग्रेस नेताओं को 'दिखावा करने वाला और जोर-जोर से बोलने वाला' बताते हुए कहा कि उनका काम सिर्फ भाषण देना और मीडिया में बने रहना रह गया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का जमीन से संपर्क टूट चुका है।

### पुणे में छात्राओं से क्या बोले थे राहुल गांधी?

राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में अपने 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत छात्राओं से बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के अधिकार, पितृसत्ता और समाज में महिलाओं की स्थिति जैसे मुद्दों पर बात की। राहुल गांधी ने 'मनुस्मृति मानसिकता' पर भी निशाना साधा और महिलाओं से पितृसत्ता को खत्म करने के लिए मजबूती से आगे आने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस टिप्पणी पर भी सवाल उठाया, जिसमें मोदी ने हाल में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान कुछ लड़कियों के कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर हैरानी जताई थी।

### 'मंथन 4 युवा' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद

सीएम फडणवीस ने इससे पहले 'मंथन 4 युवा' कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और संविधान की ताकत ने उनके जैसे सामान्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया। फडणवीस ने कहा कि राजनीति में आने के समय उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह नगर निगम पार्षद भी बन पाएंगे, लेकिन जनता के विश्वास के कारण वह धीरे-धीरे आगे बढ़े और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र युवाओं की सबसे बड़ी ताकत है और राजनीति सामाजिक-आर्थिक बदलाव का माध्यम है। सीएम फडणवीस ने अपने राजनीतिक संघर्षों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि 20 साल की उम्र में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान वह 18 दिन बदायूं की केंद्रीय जेल में रहे थे। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान पुलिस की कार्रवाई का सामना किया और बाद में भी आंदोलन से जुड़े रहे।

### झारखंड परीक्षा विवाद: पुलिस-छात्र झड़प मामले में तीन एफआईआर दर्ज

'एजेंसी। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में पुलिस और नौकरी के अभ्यर्थियों के बीच हुई झड़प के मामले में शनिवार को तीन प्राथमिकी दर्ज की गईं। इन मामलों में 14 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 200 से अधिक अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफआईआर रांची के कोतवाली थाने में सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस के साथ झड़प करने के आरोप में दर्ज की गई हैं। रांची सिटी एसपी पारस राणा ने कहा, 'शुक्रवार को हुई झड़प के मामले में कोतवाली थाने में 14 नामजद और 200 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तीन में से एक प्राथमिकी पुलिस की ओर से दर्ज कराई गई है। इसमें सरकारी काम में बाधा डालने और निर्धारित रूट चार्ट के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप लगाए गए हैं। अन्य दो प्राथमिकी दो अलग-अलग व्यक्तियों की शिकायत पर दर्ज की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को झारखंड की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों और पुलिस के बीच रांची में झड़प हो गई थी।

## भारत बनेगा वैश्विक जहाज निर्माण केंद्र, अवसर का पूरा लाभ उठाएगा देश: राजनाथ

'एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत वैश्विक जहाज निर्माण केंद्र बनने में सक्षम है। उन्होंने कोलकाता से गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और यंत्र इंडिया लिमिटेड की पांच विस्तार परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में करीब 3,500 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा, ''भारत वैश्विक जहाज निर्माण केंद्र बनने में सक्षम है। वैश्विक जहाज निर्माण उद्योग में एक खाली जगह बन रही है और भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है।'' इन परियोजनाओं में जीआरएसई की तीन और यंत्र इंडिया की दो परियोजनाएं शामिल हैं।

### जीआरएसई के अधिकारी क्या बोले?

जीआरएसई के एक अधिकारी ने बताया कि क्षमता विस्तार के तहत कंपनी ने हुगली नदी के दोनों किनारों पर दो छोटे शिपयार्ड के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) के साथ लीज समझौते किए हैं। इसके अलावा रायचक में नदी किनारे 32 एकड़ जमीन भी ली गई है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से युद्धपोतों के निर्माण और उनकी मरम्मत की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### जहाजों की जरूरतों से बना मौका न गंवाएं: रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार विकास के नए पुनर्जागरण की शुरुआत के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल में कारखानों के बंद होने और तालाबंदी की खबरों की जगह अब नई परियोजनाओं की शुरुआत की खबरों ने ले ली है।'' राजनाथ सिंह ने कहा, ''हमारी सोच अब यह नहीं होनी चाहिए कि भारत को दुनिया से क्या खरीदना है। इसके बजाय हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम दुनिया को क्या दे सकते हैं। आप दो मौकों पर पहले ही जहाजों का निर्यात कर चुके हैं और कई मित्र देश अपनी नौसेना की जहाजों से जुड़ी जरूरतों के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। हमें अपने सामने आए इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य ऐसी गुणवत्ता हासिल करना होना चाहिए, जिस पर दुनिया भरोसा करे। ऐसी गुणवत्ता जो विश्वास पैदा करे, ऐसी कीमत जो दुनिया को हमें चुनने के लिए प्रेरित करे और ऐसे आपूर्ति मानक हों, जो ग्राहकों को दोबारा ऑर्डर देने के लिए प्रोत्साहित करें।''

## विरोध की राजनीति ने राज्य को बहुत पीछे किया: शुभेंदु अधिकारी

'एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पिछली सरकारों पर केंद्र के साथ सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी वजह से राज्य को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने 34 साल के कम्युनिस्ट शासन और 15 साल के भ्रष्ट शासन के दौरान केंद्र के साथ टकराव की राजनीति का आरोप लगाया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अब 'डबल इंजन' सरकार पूरी रफ्तार से काम कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में बंगाल को विकसित करने का प्रयास जारी है। इस दौरान त्तत्र्स्थ और यंत्र इंडिया लिमिटेड की पांच ब्राउनफील्ड विस्तार परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल की पिछली सरकार में केंद्र सरकार या उसके विभिन्न विभागों के साथ मिलकर काम करने की कोई इच्छा नहीं थी। इसका नुकसान राज्य को बड़े पैमाने पर उठाना पड़ा।' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के पास विकास के लिए जमीन, कुशल मानव संसाधन, बुनियादी ढांचा, कच्चा माल और अन्य सभी जरूरी संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

## भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नगर पालिका बीगोद में चुनाव निमित्त कार्यकर्ता का सम्मेलन का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**आकोला** / भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नगर पालिका बीगोद में चुनाव निमित्त कार्यकर्ता का सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश से भेजे गए प्रभारी ज्ञानाराम रेणवा मुख्य वक्ता रामपाल शर्मा विधायक गोपाल खंडेलवाल समन्वयक राजमल खटीक मंडल पालक महावीर समदानी जिला सहसंयोजक मिट्ठू लाल जाट मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर विधानसभा संयोजक अनिल पारीक चुनाव संयोजक गोवर्धन वैष्णव शक्ति केंद्र संयोजक राजकुमार आगाल एवं बीगोद कस्बे के सभी दावेदार एवं वार्ड के प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम में वार्ड वाइज दावेदारों को बुलाकर एक-एक दावेदार से समीक्षा की गई प्रभारी ज्ञानाराम रणवा ने सभी दावेदारों के उत्साह को देखते हुए खुश हुए तथा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

# मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर जलभराव वाले क्षेत्रों में डेंगू-मलेरिया रोकथाम के लिए चला सघन अभियान

## घर-घर सर्वे कर एंटी लारवल एवं एंटी एडल्ट मच्छर गतिविधियां की संपादित

### जागरूकता फैलाकर, पॉजिटिव कंटेनरों को मौके पर ही कराये खाली

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** । बारिश के बाद विभिन्न क्षेत्रों में पानी एकत्रित होने से मच्छरों के प्रजनन की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सघन एंटी लारवल एवं एंटी एडल्ट मच्छर गतिविधियां संचालित की गईं। जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों के अधीन आने वाले क्षेत्रों मे ड्राई - डे मनाकर लोगों को घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने के लिए जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर सर्वे कर कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने बर्तनों एवं अन्य जल पात्रों की जांच की गई। जिन पात्रों में लार्वा पाया गया, उन्हें मौके पर ही खाली करवाकर पानी का निस्तारण किया गया। अनुपयोगी एवं लार्वायुक्त पानी को तत्काल हटवाकर संबंधित स्थानों की सफाई करवाई गई।





### लार्वा वाले खड्डों और तालाबों में किया एंटी लारवल उपचार

चिन्हित लार्वा वाले खड्डों, तालाबों एवं अन्य जलभराव वाले स्थानों पर एंटी लारवल गतिविधि के तहत काला तेल डाला गया, ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। साथ ही आवश्यकता वाले क्षेत्रों में एंटी एडल्ट मच्छर गतिविधियां भी संचालित की गईं।

### घर-घर सर्वे कर बुखार रोगियों की हुई जांच

स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर सर्वे के दौरान बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा आवश्यकतानुसार ब्लड स्लाइड लेकर मौके पर ही प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध करवाया गया। लोगों को बुखार आने पर स्वयं दवा लेने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच एवं उपचार करवाने की सलाह दी गई।

### जलभराव रोकना ही मच्छर नियंत्रण का सबसे प्रभावी उपाय

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि बारिश के मौसम में जलभराव मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण बनता है। इसलिए पानी जमा होने से रोकें, मच्छरों की बढ़ोतरी पर प्रभावी अंकुश लगाएं और डेंगू, मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से मिलकर बचाव करें। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि बारिश के बाद घरों एवं आसपास कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें। कूलर का पानी नियमित रूप से खाली कर साफ करें, पानी की टंकियों को ढककर रखें तथा गमलों, टायर, डिब्बों और अन्य छोटे जल पात्रों में पानी जमा न होने दें।

# पचपदरा पुलिस की मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 53.50 ग्राम एमडी बरामद

## स्विफ्ट कार जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार; एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

स्मार्ट हलचल



**बालोतरा,** । मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पचपदरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 53.50 ग्राम अवैध एमडी (मेफेड्रोन) बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार 22 अगस्त 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट कार के जरिए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना पर डीएसटी बालोतरा एवं थाना पचपदरा की संयुक्त टीम ने बालोतरा-पचपदरा रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने नाकाबंदी तोड़कर वाहन को तेज गति से रिफाइनरी की ओर भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर मदीना होटल के आगे वाहन को रुकवाकर उसमें सवार मुस्ताक अली और ईशाक खान को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार वाहन की पिछली सीट पर बैठा पप्पू खान निवासी दुर्गापुरा माडपुरा, थाना मंडली, मौका पाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 53.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) बरामद हुआ। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और स्विफ्ट कार संख्या RJ-19-CC-8319 को भी जब्त किया गया। इस कार्रवाई के संबंध में थाना पचपदरा में प्रकरण संख्या 211, दिनांक 23 अगस्त 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 एवं 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, आपूर्ति की श्रृंखला, फरार आरोपी पप्पू खान तथा अन्य संभावित रूप से संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुस्ताक अली पुत्र जले खान, निवासी दुर्गापुरा माडपुरा, थाना मंडली, जिला बालोतरा तथा ईशाक खान पुत्र हैदर खान, निवासी बागावास, थाना मंडली, जिला बालोतरा के रूप में हुई है। कार्रवाई में डीएसटी बालोतरा एवं थाना पचपदरा की पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# मंगरोप पुलिस ने डोडा चूरा तस्करी के मामले में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

## 27.228 किलो डोडा चूरा बरामदगी के मामले में आरोपी शोभालाल जाट उर्फ शोभू की थी तलाश

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप,** । अवैध मादक पदार्थों के परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगरोप पुलिस ने डोडा चूरा तस्करी के एक मामले में वांछित आरोपी शोभालाल जाट उर्फ शोभू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर डोडा चूरा के प्राप्तकर्ता और वाहन को एस्कोर्ट करने में शामिल होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा सागर राणा आईपीएस के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों के परिवहन में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश आर्य आरपीएस के निर्देशन तथा सुश्री अंजली सिंह आरपीएस के सुपरविजन में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 24 जून 2026 को बड़लियास थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान हर्षित पारीक निवासी नन्दराय और आर्यन चावरिया निवासी मानपुरा को डिटेन किया था। उनके कब्जे से आई-20 कार संख्या RJ-14-CZ-6136 में दो प्लास्टिक कट्टों से कुल 27.228 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया था। मामले में पुलिस थाना बड़लियास पर प्रकरण संख्या 147/2026 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। अनुसंधान के दौरान पुलिस को डोडा चूरा के कथित प्राप्तकर्ता एवं वाहन को एस्कोर्ट करने वाले वांछित आरोपी शोभालाल उर्फ शोभू की तलाश थी। पुलिस ने तलाश के बाद 22 अगस्त 2026 को शोभालाल जाट उर्फ शोभू, उम्र 25 वर्ष, निवासी बन का खेड़ा, थाना बड़लियास, जिला भीलवाड़ा को डिटेन कर गिरफ्तार किया।

**पुलिस के अनुसार मामले में आगे का अनुसंधान जारी है।**

कार्रवाई करने वाली टीम में मंगरोप थानाधिकारी उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, कांस्टेबल लेखराज, अशोक कुमार एवं दिलीप शामिल रहे।

### गाजे-बाजे के साथ निकली तेली समाज की भव्य कांवड़ यात्रा

# सावन में आस्था का सैलाब, हरिद्वार से लाए गंगाजल से किया भोलेनाथ का जलाभिषेक; नाचते-गाते निकले कांवड़िए, स्नेहभोज में उमड़ा समाज

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** सावन के पवित्र माह में रविवार को समस्त तेली समाज की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। हरिद्वार से लाए गए पवित्र गंगाजल को कांवड़ में लेकर सैकड़ों समाजजन भगवान शिव की भक्ति में सराबोर होकर यात्रा में शामिल हुए। गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोष के बीच निकली कांवड़ यात्रा से शहर का माहौल शिवमय हो गया। यात्रा की शुरुआत तेलीपाड़ा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद हुई। कांवड़िए डीजे और ढोल की धुन पर नाचते-गाते तथा भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों सहित समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कांवड़ यात्रा पुरानी धानमंडी, बड़ा मंदिर, सराफा बाजार, महाराणा टॉकीज, मंगला चौक, श्रीजी गेस्ट हाउस, रामस्नेही हॉस्पिटल, नेहरू रोड और सांगानेरी गेट होते हुए तिलक नगर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। पूरे यात्रा मार्ग पर धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण नजर आया। तिलक नगर स्थित तेली समाज नोहरा के सामने श्री शिव मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा का समापन हुआ। यहां कांवड़ियों ने हरिद्वार से लाए पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया। समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की गई। जलाभिषेक के बाद तेली समाज के नोहरे में स्नेहभोज का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने एक साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ समाज की एकजुटता और भाईचारे का भी संदेश दिया। कांवड़ यात्रा में राजकुमार डगवाल, पूरणमल तेली, गोपाललाल दिया, शिवलाल गेरोटिया, हीरालाल तेली, नानूराम मांदरिया, देवराज तेली, कुशल साहू, मुकेश तेली, प्यारे लाल अगवाल, कालूलाल सोनावा, श्यामलाल बाथरा, रमेश कसोदणिया, राजू साकुंणिया, कमलेश मांदरिया, राकेश पचलोड़िया, शंभूलाल कसोदणिया, मोडीराम सोनावा, किशन आसरवा, रतन गुटकणिया, राजू आसरवा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। सावन में आयोजित इस भव्य कांवड़ यात्रा ने जहां शिवभक्ति और आस्था का संदेश दिया, वहीं समाज की एकजुटता, सहभागिता और धार्मिक परंपराओं के प्रति समर्पण को भी प्रदर्शित किया।

# अध्ययन और खेल के सामंजस्य का उत्कृष्ट उदाहरण बने अक्षत, परिवार से मिला संस्कार और मार्गदर्शन

## अक्षत लखारा ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान, विद्यालय में शतरंज को मिल रहा प्रोत्साहन

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा** । जिले के विवेकानंद केंद्र विद्यालय के छात्र अक्षत कुमार लखारा ने अध्ययन और खेल के बीच शानदार सामंजस्य का उदाहरण पेश करते हुए राज्य स्तरीय फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। राजस्थान शतरंज संघ की ओर से तीन दिवसीय फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता जयपुर में आयोजित की हुई। 21 से 23 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 175 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें करीब 80 खिलाड़ी फिडे रेटेड थे। आठ चक्रों में खेली गई प्रतियोगिता में अक्षत पूरे मुकाबले में अविजित रहे। उन्होंने सात चक्रों में जीत दर्ज की, जबकि आठवें चक्र में मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। अक्षत ने अपने से अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को भी पराजित कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अक्षत को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही उनकी फिडे रेटिंग में करीब 100 अंकों की शानदार बढ़ोतरी हुई। इस उपलब्धि के साथ अक्षत अब राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। अक्षत कुमार लखारा का शैक्षणिक प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कक्षा 10 में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे और वर्तमान में कक्षा 11 में विज्ञान संकाय से अध्ययन कर रहे हैं। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि उचित मार्गदर्शन, अनुशासन और मेहनत के बल पर विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। अक्षत के दादा रतन शिक्षक एवं व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे चुके हैं, जबकि उनके पिता मेडिकल क्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर हैं। परिवार की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और निरंतर मार्गदर्शन ने अक्षत के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विवेकानंद केंद्र विद्यालय, हुरडा की प्रधानाचार्य श्रीमती आशा गोयल द्वारा विद्यार्थियों में शतरंज खेल के प्रति रुचि विकसित करने और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जा रहा है। विद्यालय में शतरंज को मिल रहे इस प्रोत्साहन से विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिल रहे हैं। अक्षत की उपलब्धि भी इसी सकारात्मक वातावरण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

## फर्नीचर व्यापार संघ का सात दिवसीय सेवा सप्ताह सम्पन्न




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / भीलवाड़ा फर्नीचर व्यापार संघ की ओर से आयोजित सात दिवसीय सेवा सप्ताह सम्पन्न हुआ। अभियान के तहत शहर के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म, टाई-बेल्ट, जूते सहित शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। संघ अध्यक्ष नवरतन अजमेरा ने बताया कि अभियान से सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ मिला। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। अभियान में गिरधारी डागा, राहुल माहेश्वरी, निशांत अग्रवाल, सतीश लड्ढा सहित कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने सांसद दामोदर अग्रवाल को सौंपा मांग पत्र

## निकाय चुनाव में तेली समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग

### 70 वार्डों में योग्य समाजजनों को टिकट देने की अपील,

### महासभा ने लिया योग्य प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा की ओर से भीलवाड़ा में बैठक आयोजित कर तेली समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और चुनावी भूमिका पर मंथन किया गया। बैठक में समाज की ओर से प्रमुख राजनीतिक दलों से निकाय चुनाव में योग्य एवं सक्रिय समाजजनों को पर्याप्त संख्या में टिकट देने की मांग की गई। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों में 9 सितंबर को होने वाले चुनाव में समाज की आबादी, सामाजिक भागीदारी और सक्रियता को देखते हुए राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलना आवश्यक है। राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे योग्य, शिक्षित, सक्रिय एवं जनसेवा की भावना रखने वाले तेली समाज के कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाने में प्राथमिकता दें। बैठक में समाज की चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के योग्य प्रतिनिधि चुनाव मैदान में उतरते हैं तो उन्हें विजयी बनाने के लिए महासभा अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास करेगी। पदाधिकारियों ने कहा कि नगर निगम बोर्ड में समाज की प्रभावी भागीदारी होने से समाज से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया जा सकेगा। महासभा के विधि प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कुशल साहू ने कहा कि समाज को योग्य प्रत्याशियों के पक्ष में संगठित होकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिनिधि निकाय में पहुंचेंगे तो समाज की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी। बैठक के बाद महासभा के पदाधिकारियों ने भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को मांग पत्र सौंपकर निकाय चुनाव में तेली समाज को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने तथा योग्य समाजजनों को टिकट दिलाने की मांग की। इस दौरान प्रांतीय महासभा के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष देवराज तेली, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कुशल साहू, जिलाध्यक्ष कैलाश आसरवा, युवा जिलाध्यक्ष राजकुमार डगवाल, मुकेश कुमार तेली प्रदेश मिडिया प्रभारी प्रहलाद राय तेली ,किसन लाल डगवाल सहित महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# देवली से 90 किलोमीटर की पदयात्रा कर 27वीं बार कोटड़ी श्याम दरबार पहुंचे श्रद्धालु

## रविवार को कोटड़ी पहुंची पदयात्रा, धर्मध्वजा फहराकर लिया आशीर्वाद, जयकारों से गूंजा कस्बा

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** देवली से कोटड़ी श्याम मंदिर तक निकाली जाने वाली 90 किलोमीटर लंबी पदयात्रा रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कोटड़ी पहुंची। पदयात्रा का यह लगातार 27वां आयोजन रहा। पदयात्रियों के कोटड़ी पहुंचने पर कस्बे में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। पदयात्रियों के स्वागत और भगवान श्याम के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय नजर आया।पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिला-पुरुष श्रद्धालु हाथों में धर्मध्वजा लेकर भजन-कीर्तन करते नाचते गाते कोटड़ी के मुख्य मार्ग से होते हुए प्रभु के दर की ओर बढ़े। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो भक्ति गीतों पर नृत्य करने का आनन्द ले रहे थे। कई स्थानों पर ग्रामीणों एवं भक्तों ने पदयात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चाय-नाश्ते और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गईं।



### भजनों पर झूमते हुए किया नगर में प्रवेश

90 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करने के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह कम नहीं हुआ। जैसे ही पदयात्रा कोटड़ी की सीमा में पहुंची, श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए नगर में प्रवेश किया। हाथों में लहराती धर्मध्वजाएं और कोटड़ी श्याम बाबा के जयकारों ने माहौल को धार्मिक रंग में रंग दिया। रास्ते में मौजूद लोगों ने भी पदयात्रियों का उत्साह बढ़ाया।

### श्याम मंदिर में फहराई धर्मध्वजा

पदयात्रियों के कोटड़ी पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालु श्याम मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान कोटड़ी श्याम के दर्शन कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र में शांति की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में धर्मध्वजा फहराई गई। धर्मध्वजा फहराते ही श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

### 27 वर्षों से जारी है पदयात्रा की परंपरा

आयोजक रामेश्वर लाल, राजेन्द्र, रामू दिया ने बताया कि देवली से कोटड़ी श्याम दरबार तक पदयात्रा की यह धार्मिक परंपरा पिछले 27 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होकर भगवान श्याम के दरबार में पहुंचते हैं। पदयात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और संकल्प का प्रतीक बन चुकी है। कई श्रद्धालु हर वर्ष इस यात्रा में शामिल होते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर भगवान श्याम के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान जिस मार्ग से यात्रा गुजरती है श्रद्धालुओ का जत्था बढ़ता जाता है। यात्रा में रामप्रसाद टांक, दुर्गेश शर्मा, अशोक शर्मा, गोपाल सिंह कानावत ने भी पदयात्रा के साथ मन्दिर पहुचे।

### भक्तिमय रहा पूरा वातावरण

बीरधोल मार्ग स्थित कृषि मण्डी पर यात्रा की बेंड व ढोल के साथ श्री चारभुजानाथ मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी, कोषाध्यक्ष चम्पा लाल तेली के साथ मुरलीधर काबरा, निर्मल लोढ़ा, सत्यनारायण काबरा, ओम पालीवाल, राजेन्द्र काबरा, ओम टेलर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुच कर अगुवानी की गई। कोटड़ी
पदयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन और जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु 'श्याम बाबा की जय ', 'कोटड़ी श्याम की जय' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा के कोटड़ी पहुंचने पर कस्बे में भी दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। जगह-जगह लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया।पदयात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान कोटड़ी श्याम के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले ग्रामीणों, श्रद्धालुओं, सेवा समितियों और स्थानीय लोगों का आभार जताया। श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान श्याम की भक्ति और आस्था के कारण इतनी लंबी पदयात्रा पूरी करने में उन्हें आत्मिक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने आगामी वर्ष भी पदयात्रा की परंपरा को जारी रखने का संकल्प लिया।

# भारतीय जवानों के लिए संकल्प ईको ग्रुप ने भेजीं 205 राखियां

### राखी से रक्षा अभियान' में लिया हिस्सा



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ** / रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, स्नेह और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से संकल्प ईको ग्रुप द्वारा अनूठी पहल की गई। ग्रुप की ओर से देश के वीर जवानों के लिए अब तक 205 राखियां भेजी गई हैं। इस पहल के माध्यम से सैनिक भाइयों तक रखी, स्नेह और शुभकामनाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया। देश की रक्षा के लिए अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निभा रहे जवानों के लिए यह प्रयास सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।

### भारतीय डाक के माध्यम से भेजी राखियां

संकल्प ईको ग्रुप द्वारा राखियां भारतीय डाक के माध्यम से भेजी गईं। इस पहल में भीलवाड़ा मंडल एवं भीलवाड़ा (पूर्व) उपमंडल का सहयोग रहा। शाखा डाकपाल श्री अब्दे मुनाफ कुरैश के समन्वय से राखियों को भेजने की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर डाकघर बिजौलिया के सदस्य सोनू मीणा एवं मुनाफ शेख भी उपस्थित रहे। संकल्प ईको ग्रुप के फाउंडर अंशुल जैन एवं आयुष जैन, को-फाउंडर आकांक्षा जैन एवं अविका जैन तथा संकल्प ईको ग्रुप से जुड़े लाड़ जैन ने बताया कि सैनिक भाइयों तक राखी पहुंचाना केवल एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि देश की रक्षा में समर्पित जवानों के प्रति सम्मान और अपनत्व व्यक्त करने का माध्यम है। राखियां भेजने में संकल्प ईको ग्रुप की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। ग्रुप का कहना है कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक हमारे लिए परिवार के सदस्य के समान हैं और उनके साथ रक्षाबंधन का यह भावनात्मक जुड़ाव आगे भी जारी रहेगा।

---

### दाधीच युवा प्रकोष्ठ ने रक्तदान को बनाया जनअभियान का लक्ष्य

# 13 सितंबर के शिविर की तैयारियों पर मंथन, वाहन रैली के जरिए देंगे सामाजिक जागरूकता का संदेश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । समाजसेवा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दाधीच युवा प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में आगामी दधीचि जयंती के अवसर पर होने वाले रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को लेकर युवाओं ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता दाधीच युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कुश आचार्य ने की। उन्होंने आगामी 13 सितंबर रविवार को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए नीरज दाधीच लापिया, विकास जोशी एवं अमित व्यास को संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने तथा सामाजिक चेतना को मजबूत करने का भी संकल्प लिया गया। दाधीच युवा प्रकोष्ठ की ओर से सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से वाहन रैली निकालने का निर्णय भी लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए समाज के युवाओं को सामूहिक रूप से भागीदारी निभानी होगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि दधीचि जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सभी युवाओं को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों की सहायता के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। बैठक में लोकेश भट्ट, जुगल किशोर, संजय शर्मा, दिलीप गोरखिया, नारायण दाधीच, अंकित व्यास, अतुल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, नीरज नरेंद्र ओझा दाधीच, योगेश शर्मा, आदित्य ओझा, गोविंद शर्मा, प्रशांत जोशी, लव आचार्य, जितेंद्र दाधीच, सुमंत व्यास सहित अनेक युवा मौजूद रहे।



### भक्ति और सामाजिक समरसता का संगम

# गेलेश्वर महादेव मंदिर में 1111 कलश व 751 कावड़ियों ने किया भव्य जलाभिषेक

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा** // हाथीभाटा आश्रम के महंत श्री संत दास जी महाराज के पावन सानिध्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक रामपाल चौधरी के नेतृत्व में विशाल कावड़ व कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति और उल्लास से सराबोर इस यात्रा में 1,111 कलशधारी महिलाओं और 751 कावड़ियों ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को 'हर-हर महादेव' और 'जय भोलेनाथ' के जयकारों से गुंजायमान कर दिया।



### जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य धार्मिक आयोजन में माण्डल विधायक उदय लाल भड़ाना, पूर्व प्रधान गोपी सारस्वत, ओबीसी मोर्चा के प्रवक्ता नंद लाल गुर्जर तथा श्री डेवलपर्स के सत्यनारायण पारीक सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान शिव का पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

### 36 कौम ने बिछाए पलक-पावड़े: दिखी सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल

यात्रा के दौरान सर्वसमाज और 36 कौम की अद्भुत एकजुटता देखने को मिली। हाथीभाटा आश्रम से पांसल तक पूरे यात्रा मार्ग में विभिन्न समाजों द्वारा कावड़ियों और कलशधारी महिलाओं का जोरदार एवं आत्मीय स्वागत किया गया।
मार्ग में माली समाज, रेगर समाज, खटिक समाज, लोहार समाज, जाट समाज, रावणा राजपूत समाज, गाडरी समाज, कुम्हार समाज, धोबी समाज, बलाई समाज, सेन समाज, भील समाज, सुथार समाज, शर्मा समाज एवं अहीर समाज पुरबिया समाज सहित सभी समाजों के प्रबुद्ध नागरिकों व ग्रामीणों ने जगह-जगह मंच बनाकर, पुष्प वर्षा कर और जल-पान की व्यवस्था कर शिवभक्तों का स्वागत किया।

### बाबा बर्फानी का दिव्य श्रृंगार व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

यात्रा का मुख्य आकर्षण हाथीभाटा आश्रम पर अमरनाथ की तर्ज पर बर्फ से किया गया बाबा बर्फानी का अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार रहा, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। वहीं यात्रा में शामिल ऊंट की सवारी और 'कच्ची घोड़ी' नृत्य के कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। आयोजक रामपाल चौधरी ने बताया कि यात्रा हाथीभाटा आश्रम से प्रारंभ होकर मार्ग के 12 गांव स्थित शिवालयों में पवित्र गंगाजल से अभिषेक करते हुए पांसल स्थित श्री गेलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मंदिर प्रांगण में जलाभिषेक व भव्य महाआरती के पश्चात सभी शिवभक्तों में महाप्रसाद का वितरण किया गया। अंत में चौधरी ने स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान और गांव गांव के सभी कार्यकता जिन्होंने इस यात्रा को सफल बनाया उनका धन्यवाद कर आभार जताया

---

# सावर में कांग्रेस का 'शांतिपूर्ण संवाद' कार्यक्रम, निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

## हर बूथ को मजबूत करने और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने पर जोर, डॉ. रघु शर्मा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता के बीच पहुंचने का किया आह्वान

स्मार्ट हलचल

सावर नगर पालिका क्षेत्र में आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सावर में अपनी चुनावी तैयारियों को तेज क रते हुए'शांतिपूर्ण संवाद' कार्यक्र म का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व चिकित्सा मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. रघु शर्मा के सानिध्य में नगर कांग्रेस कमेटी ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह शक्तावत के पूर्व चेयरमैन विश्वजीत सिंह शक्तावत,महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कांसोटिया,नगर अध्यक्ष कन्हैया लाल माली,पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक स्तर पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से हर बूथ को मजबूत करने, मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने को लेकर भी कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. रघु शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में संगठन की मजबूती सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी एकजुटता के साथ पूरी सक्रियता से जनता के बीच पहुंचने, आमजन की समस्याओं को सुनने और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस की तैयारियों, वार्ड स्तर पर संगठन की सक्रियता, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा स्थानीय मुद्दों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और चुनाव में एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम को आगामी नगर पालिका चुनाव से पहले सावर में कांग्रेस की संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




# पुर के चारों वार्डों से कांग्रेस में टिकट की दावेदारी, कार्यकर्ताओं ने दिखाया दम

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी** नगर निगम चुनाव को लेकर पुर क्षेत्र में कांग्रेस की सियासी हलचल तेज हो गई है। रविवार को भारद्वाज वाटिका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पुर के चारों वार्डों से दावेदारों ने पर्यवेक्षकों के समक्ष आवेदन पेश किए। P.P.C. सदस्य एवं सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज पालीवाल और दीपक पुरोहित के नेतृत्व में हुई बैठक में वरिष्ठ नेताओं व वार्ड अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं की राय जानी। पालीवाल ने कहा कि अनुशासन और एकजुटता के साथ कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के चारों पार्षद विकास के मोर्चे पर विफल रहे हैं और उनका रिपोर्ट कार्ड शून्य है। वरिष्ठ नेता गणपत लोहिमा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। दीपक पुरोहित ने दावेदारों को भरोसा दिलाया कि उनकी राय जिला कांग्रेस अध्यक्ष तक पूरी मजबूती से पहुंचाई जाएगी। बैठक में इदरिश पठान, शुभम लोहिमा, मुकेश गुर्जर, रमेश बिश्नोई सहित चारों वार्डों के अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



---

### NGT के आदेशों को ठेंगा

# सीहोर में नर्मदा का सीना चीर रहा अवैध रेत माफिया, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के क्षेत्र में एनजीटी की रोक के बाद भी हो रहा है

## अवैध खनन प्रशासन के दावे सिर्फ कागजी आंकड़ों तक सीमित

स्मार्ट हलचल

**सीहोर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सख्त रोक के बावजूद सीहोर जिले में नर्मदा नदी से अवैध रेत का काला कारोबार बेधड़क जारी है। जीवनदायिनी नर्मदा का सीना चीरकर रोजाना भारी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण और नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस पूरे मामले में जिला खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे का रटा-रटाया जवाब है कि विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह बयां करती है कि प्रशासनिक दावे केवल सरकारी फाइलों और आंकड़ों तक ही सीमित रह गए हैं। ?गौरतलब है कि जिले में गौण खनिज की कुल 173 खदाने स्वीकृत हैं, जिनमें रेत की 28, गिट्टी की 125 और मुरम की 20 खदाने शामिल हैं। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 से वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभी तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के कुल 389 प्रकरण दर्ज कर 2 करोड़ 43 लाख 80 हजार 597 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान अवैध उत्खनन और परिवहन में लिप्त 212 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 123 डंपर, 26 पोकलेन मशीन, 21 जेसीबी, 10 ट्रैक्टर लोडर, 9 नाव इंजन और 3 पनडुब्बियों सहित कई वाहन जब्त किए गए। अगर साल दर साल की कार्रवाई पर नजर डालें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के कुल 374 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें 2 करोड़ 30 लाख 69 हजार 983 रुपये के अधिरोपित अर्थदंड के मुकाबले 2 करोड़ 30 लाख 09 हजार 77 रुपये की वसूली की गई। इस अवधि में अवैध परिवहन के 290 मामलों से 1 करोड़ 58 लाख 91 हजार 691 रुपये, अवैध उत्खनन के 53 मामलों से 52 लाख 19 हजार 10 रुपये और अवैध भंडारण के 31 मामलों से 18 लाख 98 हजार 376 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के 15 प्रकरण दर्ज कर 13 लाख 71 हजार 520 रुपये की वसूली की जा चुकी है, जिसमें अवैध परिवहन के 12 मामलों से 10 लाख 67 हजार 520 रुपये और अवैध उत्खनन के 3 मामलों से 3 लाख 04 हजार रुपये शामिल हैं। हालांकि, करोड़ों रुपये की जुर्माने की वसूली और सैकड़ों गाड़ियों की जब्ती के बावजूद नर्मदा नदी में पनडुब्बियां और पोकलेन मशीनें चलना यह साबित करता है कि माफिया के हौसले पस्त होने का नाम नहीं ले रहे हैं। मामूली जुर्माना देकर छूट जाने वाले माफिया के लिए यह सब महज एक व्यापारिक घाटा बनकर रह गया है। प्रशासनिक अमले की लचर गश्त और केवल औपचारिकता निभाने वाली कार्रवाई के कारण नर्मदा का अस्तित्व दांव पर लगा हुआ है, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यावरणविदों में भारी रोष है।

### नशे के सौदागरों पर ANTF का शिकंजा, 6.309 किलो गांजा बरामद

# मोटरसाइकिल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार; अंधेरे का फायदा उठाकर दो साथी फरार

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में ANTF टीम ने बीगोद थाना क्षेत्र के हरिसिंहजी का खेड़ा में कार्रवाई करते हुए 6 किलो 309 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। टीम ने तस्करी में प्रयुक्त एक स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल जब्त कर मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि उसके दो साथी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों और जंगल की ओर भागने में सफल रहे। ANTF महानिरीक्षक पुलिस शरत कविराज ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के मार्गदर्शन और निर्देशन में नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार ANTF टीम को सूचना मिली थी कि हरिसिंहजी का खेड़ा गांव में एक स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं और उनके पास मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो एक मोटरसाइकिल खड़ी दिखाई दी। टीम के पहुंचते ही एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर मिला, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों और जंगल की तरफ भाग गए। इसके बाद टीम ने बीगोद थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने मोटरसाइकिल की पीछे वाली सीट पर रखे पीले रंग के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो उसमें 6 किलो 309 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और मोटरसाइकिल जब्त कर मौके से राजू पुत्र देवकिशन, जाति सुथार, उम्र 27 वर्ष, निवासी पुराने थाने के पास काछोला, थाना काछोला, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में ANTF टीम के साथ पुलिस थाना बीगोद की विशेष भूमिका रही। फरार दोनों आरोपियों की तलाश के साथ मामले में आगे की जांच जारी है।




# शाहपुरा में सियासी दंगल तेज, टिकिट की जंग में कौन आगे-किसकी कटेगी राह

## टिकट की सियासत उफान पर, दावेदारों ने पहले ही बता दिया-'हम तैयार हैं!

### बूथ खामोश, दावेदार मुखर, शाहपुरा में चुनाव से पहले ही भाजपा-कांग्रेस की परीक्षा शुरू!

स्मार्ट हलचल




**शाहपुरा। मूलचन्द पेसवानी** नगर पालिका शाहपुरा के चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, शहर की सियासत का पारा चढ़ता जा रहा है। 11 सितम्बर को होने वाले नगर पालिका चुनाव में 35 वार्डों के लिए 23,152 मतदाता अपने पार्षद चुनेंगे। इनमें 11,738 महिला और 11,414 पुरुष मतदाता हैं। यानी इस चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 324 अधिक है। आंकड़े साफ संकेत दे रहे हैं कि इस बार शाहपुरा की नगर सरकार बनाने में आधी आबादी की भूमिका भी निर्णायक रहने वाली है। मतदाता वर्ग की उम्र का गणित भी राजनीतिक दलों के लिए खासा महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 18 से 25 वर्ष आयुवर्ग के मतदाता 14.7 प्रतिशत, 26 से 35 वर्ष के 25.4 प्रतिशत, 36 से 50 वर्ष के 29 प्रतिशत, 51 से 59 वर्ष के 13.9 प्रतिशत तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 17 प्रतिशत हैं। यानी करीब आधे से अधिक मतदाता युवा और मध्यम आयु वर्ग में हैं। ऐसे में इस बार चुनावी मुद्दों में विकास, रोजगार, सड़क, सफाई, पेयजल और शहर की बुनियादी सुविधाओं के साथ सोशल मीडिया और युवा मतदाताओं की पसंद भी राजनीतिक दलों की रणनीति को प्रभावित करेगी।

**जिला बना तो बढ़ी कुर्सी, जिला गया तो फिर पालिका**

शाहपुरा की नगर पालिका का राजनीतिक सफर भी इस चुनाव को सामान्य निकाय चुनाव से अलग बनाता है। पूर्व में यहां भाजपा का बोर्ड रहा और रघुनंदन सोनी अध्यक्ष रहे। शाहपुरा को जिला बनाया गया तो नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत कर दिया गया और अध्यक्ष का पद सभापति में बदल गया। लेकिन करीब 17 माह बाद जिला समाप्त होने के साथ ही नगर परिषद फिर नगर पालिका में बदल गई। इसी राजनीतिक घटनाक्रम के बीच पिछले नगर पालिका चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव हुआ और लालाराम बैरवा भाजपा के विधायक निर्वाचित हुए। नगर पालिका बोर्ड के अंतिम कार्यकाल में अध्यक्ष और विधायक के बीच राजनीतिक संवाद की कमी से बनी दूरियां चर्चा का विषय रही थीं। स्थानीय राजनीतिक हलकों में माना जाता है कि उस समय पैदा हुई दूरी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ऐसे में इस बार नगर पालिका चुनाव केवल बोर्ड बनाने का मुकाबला नहीं, बल्कि स्थानीय भाजपा की अंदरूनी राजनीतिक तस्वीर का भी इम्तिहान माना जा रहा है।

**भाजपा ने संभाली कमान, लेकिन टिकट के भीतर ही असली मुकाबला**

विधायक लालाराम बैरवा की अगुवाई में भाजपा चुनावी मैदान में उतर चुकी है और तैयारियों के मामले में फिलहाल विपक्ष से आगे दिखाई दे रही है। संगठन ने दावेदारों से आवेदन मांगे हैं और वार्डवार समीकरणों पर काम शुरू हो गया है। लेकिन भाजपा के भीतर भी टिकट की दौड़ आसान नहीं है। कई वार्डों में एक से अधिक दावेदार सामने आने के कारण गुटीय समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है। इस बार अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग के लिए होने से सामान्य वर्ग के दावेदारों का उत्साह खासा बढ़ा हुआ है। कई चेहरे पहले ही अपने-अपने वार्डों में सक्रिय हो गए हैं। सोशल मीडिया पर बधाई संदेश, जनसंपर्क, समर्थकों की बैठकें और राजनीतिक गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि संगठन ने किसके जनाधार, छवि और जीत की संभावना पर भरोसा जताया है।

**कांग्रेस ने भी बिछाई बिसात, मगर कई खेमों की अपनी-अपनी चाल**

भाजपा के मुकाबले कांग्रेस की गतिविधियां देर से तेज हुईं, लेकिन अब पार्टी भी चुनावी मोड में आती दिखाई दे रही है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेंद्र कुमार रेगर और नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रमेश सेन की अगुवाई में बैठकें हुई हैं और दावेदारों से आवेदन भी लिए गए हैं। यह खेमा पूर्व मंत्री और कांग्रेस देहात जिला अध्यक्ष रामलाल जाट के समर्थक खेमे के रूप में देखा जा रहा है। रामलाल जाट शाहपुरा आकर बैठक भी कर चुके हैं। दूसरी ओर पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर समर्थक खेमे की अलग राजनीतिक सक्रियता भी चर्चा में है। इसके अलावा अध्यक्ष पद सामान्य होने के कारण कांग्रेस में सामान्य वर्ग से जुड़े दावेदारों का एक नया राजनीतिक समूह भी सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। यानी कांग्रेस के सामने भाजपा से मुकाबले के साथ-साथ पहले अपने भीतर तालमेल बैठाने की चुनौती है।

**जिला बहाली का मुद्दा भी चुनावी मैदान में**

इस चुनाव में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कोण जिला बहाली का भी रहने वाला है। जिला बहाल करो संघर्ष समिति बैठक कर यह ऐलान कर चुकी है कि वह जिला बनाने की मांग को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी। ऐसे में समिति समर्थित उम्मीदवार कई वार्डों में चुनावी समीकरण प्रभावित कर सकते हैं। वहीं एसडीपीआई ने बैठक के बाद 10 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। दूसरी तरफ निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी ताकत आजमाने की तैयारी में हैं। ऐसे में यदि प्रमुख दलों के बागी या टिकट से नाराज दावेदार निर्दलीय मैदान में उतरते हैं तो कई वार्डों में मुकाबला त्रिकोणीय या बहुकोणीय हो सकता है।

**सबसे बड़ा सवालकृटिकट किसे और टिकट कटने के बाद क्या होगा?**

शाहपुरा चुनाव की सबसे दिलचस्प तस्वीर स्वघोषित उम्मीदवारों की है। पार्टियों की आधिकारिक सूची आने से पहले ही कई दावेदारों ने अपने-अपने वार्ड में खुद को प्रत्याशी के रूप में पेश करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया कैंपेन, बैनर-पोस्टर, जनसंपर्क और समर्थकों की बैठकों के जरिए दावेदार पार्टी नेतृत्व को अपनी ताकत का संदेश देने में जुटे हैं। राजनीतिक विश्लेषण के लिहाज से यह केवल उत्साह नहीं बल्कि टिकट के लिए दबाव बनाने की रणनीति भी हो सकती है। दावेदार यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि वार्ड में उनका जनाधार मजबूत है और उन्हें नजरअंदाज करना पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। जातीय-सामाजिक समीकरण और स्थानीय प्रभाव का प्रदर्शन भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। लेकिन यही रणनीति पार्टियों के लिए दो धार वाली तलवार भी बन सकती है। टिकट कटने के बाद यही स्वघोषित उम्मीदवार बागी होकर मैदान में उतर गए तो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की राह मुश्किल हो सकती है। संगठन के तय निर्णय से पहले खुद को प्रत्याशी घोषित करने की प्रवृत्ति समर्पित कार्यकर्ताओं में असंतोष भी पैदा कर सकती है।

**बूथ की बैठकें नहीं, तो कार्यकर्ता की नाराजगी कहीं वोट में न बदल जाए!-**

इस चुनाव का एक बड़ा राजनीतिक सवाल यह भी है कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद अभी तक भाजपा और कांग्रेस ने व्यापक स्तर पर अपनी बूथ इकाइयों की बैठकें शुरू नहीं की हैं। चुनावी राजनीति में बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होता है। टिकट की दौड़ में बड़े नेताओं और दावेदारों की सक्रियता तो दिखाई दे रही है, लेकिन बूथ स्तर के कार्यकर्ता की राय कितनी सुनी जा रही है, यह बड़ा सवाल है। कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने का मलाल कहीं मतदान के दिन नाराजगी में तब्दील न हो जाए, यह दोनों प्रमुख दलों के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

**बैनर नहीं, काम की कसौटी पर होगा फैसला**

शाहपुरा के मतदाताओं के सामने इस बार मुद्दे भी स्पष्ट हैं। सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, फेरोब्लॉक, पेयजल, सफाई और शहर के बुनियादी ढांचे से जुड़े सवाल लंबे समय से स्थानीय राजनीति का हिस्सा रहे हैं। मतदाता केवल सोशल मीडिया की चमक या बैनर-पोस्टर से प्रभावित होगा, यह मान लेना राजनीतिक दलों की भूल होगी। इस चुनाव में दावेदारों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा भले ही चरम पर हो, लेकिन अंतिम फैसला जनता की अदालत में ही होगा। पार्टी टिकट पर मुहर संगठन लगाएगा, मगर जीत की मुहर मतदाता लगाएंगे। यही वजह है कि शाहपुरा नगर पालिका चुनाव में फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यह नहीं कि कौन खुद को उम्मीदवार घोषित कर रहा है, बल्कि यह है कि पार्टी किसे टिकट देती है, टिकट कटने के बाद कौन बागी होता है और मतदान के दिन जनता किसके काम, छवि और व्यवहार पर भरोसा जताती है। 35 वार्डों की इस चुनावी शतरंज में पहली चाल दावेदारों ने चल दी है, अब पार्टियों की बारी है, किसे मोहरा बनाया जाता है और किसे बाजीगर, यही शाहपुरा की अगली नगर सरकार की तस्वीर तय करेगा।

## शिव महापुराण कथा में पार्वती तपस्या और अर्धनारीश्वर रूप का भावपूर्ण वर्णन

स्मार्ट हलचल

ग        ड्योढ़ी-कोड़ी क्षेत्र में चल रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दौरान आज कथा वाचक पूज्य श्री दयाल महाराज गौड़, महंत श्री ठाकुर जी मंदिर कोड़ी ने माता पार्वती की कठोर तपस्या, नारी शक्ति तथा भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया महाराज श्री ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए वर्षों तक कठोर तपस्या की। तपस्या के दौरान उन्हें अनेक विघ्नों का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने उन्हें तपस्या छोड़ने की सलाह दी, लेकिन माता पार्वती अपने संकल्प से विचलित नहीं हुईं और अटूट श्रद्धा एवं धैर्य के साथ तपस्या करती रहीं।कथा में भगवान शिव के अर्धनारीश्वर रूप के प्रकट होने का भी सुंदर वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि अर्धनारीश्वर स्वरूप शिव और शक्ति की एकरूपता तथा नारी-पुरुष के समान महत्व का प्रतीक है। माता पार्वती के चरित्र के माध्यम से उन्होंने नारी शक्ति, तप, शौर्य, धैर्य, त्याग और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया।कथा स्थल पर श्री गौड़ पार्वती तपस्वी रूप की मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं 72 व्यंजनों के भोग की भव्य झांकी भी सजाई गई, जिसमें पुजारी परिवार की ओर से भगवान को विधि-विधान से भोग अर्पित किया गया।आज कथा के यजमान दयाशंकर गौड़, लक्ष्मण सिंह खंगारोत, राधेश्याम किरोड़ीवाल, नरेंद्र सिंह राजगढ़ एवं फूलचंद कुमावत काजीपुरा रहे। यजमानों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा में सहभागिता निभाई गई। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के जयकारे लगाए, जिससे पूरा कथा परिसर भक्तिमय हो उठा।कल श्री शिव महापुराण कथा में भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह का भव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।



## जश्ने आमदे रसूल का समापन आज, अमन और भाईचारे के लिए होगी विशेष दुआ

### हजरत मोहम्मद साहब को दोनों जहां के लिए रहमत बनाकर भेजा गया : मौलाना मोहम्मद उमेर अशरफी

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** देहली गेट स्थित छीपा मोहल्ला अशरफी चौक में हजरत सैय्यद सरदार अहमद अकेडमी में आयोजित 21वें जश्ने आमदे रसूल के 10 रोजा जलसे का समापन 24 अगस्त 2026 को होगा। समापन अवसर पर मौलाना मोहम्मद उमेर अशरफी द्वारा देश, प्रदेश एवं चित्तौड़गढ़ शहर में अमन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की जाएगी। मोहम्मद यूसुफ छीपा ने बताया कि जलसे के दौरान नूरुद्दीन बस्तवी और फैज अहमद अशरफी ने नातिया कलाम पेश किए। वहीं सज्जादानशीन मौलाना मोहम्मद उमेर अशरफी ने तकरीर करते हुए पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, उनके संदेश और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब को अल्लाह तआला ने दोनों जहां के लिए रहमत बनाकर भेजा। उनके आने से लोगों में इंसानियत, रहमदिली, भाईचारे और अमन की भावना को बढ़ावा मिला। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, विधवाओं के प्रति संवेदना और बेटियों के सम्मान का संदेश दिया। मौलाना उमेर अशरफी ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने अपने अखलाक और किरदार के माध्यम से लोगों को बेहतर जीवन जीने का तरीका बताया तथा शिक्षा की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को एक-दूसरे के प्रति दया और भाईचारे का व्यवहार करने की सीख दी। जलसे में हाफिज जावेद, जुल्फिकार अशरफी, अकरम छीपा, तौसीफ हुसैन, गुलाम अशरफ, शोएब अशरफी, उस्मान छीपा, सद्दाम अशरफी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार 10 रोजा जलसे का समापन 24 अगस्त को होगा। इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद उमेर अशरफी द्वारा मुल्क हिन्दुस्तान, राजस्थान और चित्तौड़गढ़ में अमन, शांति, खुशहाली एवं भाईचारे के लिए विशेष दुआ की जाएगी।



## सांवलिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सेमला के पास दुर्घटनाग्रस्त, चार रेफर

### छह माह की बच्ची बाल-बाल बची, कार में सवार थे पांच लोग

स्मार्ट हलचल



**सुनेल,** सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन कर सुनेल क्षेत्र के छोड़ी गांव लौट रहे श्रद्धालुओं की कार रविवार दोपहर करीब 12 बजे सुनेल-पिड़ावा मार्ग पर सेमला गांव के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि कार में सवार करीब छह माह की बच्ची पूरी तरह सुरक्षित रही और उसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई। दुर्घटना के बाद घायलों को तत्काल सुनेल राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद सचिन (25) पुत्र कैलाश राठौर, सीमा (24) पत्नी सचिन राठौर, प्रियंका (28) पत्नी दीपक राठौर तथा राहुल (27) पुत्र बजरंग को बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि कार में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें तीन छोड़ी गांव तथा दो सुनेल निवासी थे। हादसे के दौरान करीब छह माह की बच्ची भी कार में मौजूद थी। दुर्घटना के बावजूद बच्ची को खरोंच तक नहीं आई, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी जुटाते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी।

## डाइट उदयपुर में डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की क्रियात्मक परीक्षा सम्पन्न

स्मार्ट हलचल




**उदयपुर** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), उदयपुर में डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की क्रियात्मक परीक्षा 2026 का आयोजन दिनांक 22 एवं 23 अगस्त 2026 को निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न हुआ। परीक्षा के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों में अपनी दक्षताओं, विषयगत समझ, शिक्षण कौशल एवं व्यावहारिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। परीक्षा का आयोजन डाइट उदयपुर की प्रधानाचार्य शीला काहाल्या के मार्गदर्शन में किया गया। उनके निर्देशन में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया गया। परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप सम्पन्न कराने में संस्थान के कार्मिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सेवा पूर्व प्रभाग प्रभारी सुनील बिश्नोई, सह प्रभारी दर्जन सिंह सिसोदिया एवं यतीन्द्र सिंह चौहान ने परीक्षा के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाते हुए परीक्षा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया। परीक्षा के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा समस्त व्यवस्थाओं का निरंतर पर्यवेक्षण किया गया। क्रियात्मक परीक्षा में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के 45 प्रशिक्षणार्थियों तथा द्वितीय वर्ष के 44 प्रशिक्षणार्थियों, कुल 89 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों ने परीक्षा के दौरान अपनी रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण कौशल, शिक्षण-अधिगम संबंधी समझ तथा व्यावहारिक दक्षताओं का प्रदर्शन किया। परीक्षा के सफल आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों में व्यावहारिक शिक्षण कौशल को और अधिक विकसित करने तथा भावी शिक्षक के रूप में उनकी दक्षताओं को मजबूत करने में सहायता मिली। दो दिवसीय क्रियात्मक परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ। क्रियात्मक परीक्षा के लिए डाइट सीकर से मुख्य परीक्षक अंजू कुमारी एवं सह परीक्षक अमित शर्मा उपस्थित रहे। परीक्षकों द्वारा निर्धारित मापदण्डों एवं परीक्षा प्रक्रिया के अनुरूप प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया गया। परीक्षा के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर डाइट उदयपुर के समस्त संबंधित कार्मिकों ने परीक्षा आयोजन में सहयोग प्रदान किया। संस्थान प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए सभी परीक्षकों, प्रशिक्षणार्थियों एवं सहयोगी कार्मिकों का आभार व्यक्त किया गया।

## शिव भक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा शहर



### पाड़नपोल से चोखामुखा महादेव मंदिर शंकर घट्टा तक निकली कावड़ यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** शिव भोले भक्तों द्वारा 23 अगस्त 2026 को पाड़नपोल से चोखामुखा महादेव मंदिर, शंकर घट्टा तक कावड़ यात्रा निकाली गई। सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुई कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक जयकारे लगाते हुए चोखामुखा महादेव मंदिर की ओर रवाना हुए। यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह देखने को मिला। जागेश्वर महादेव मंदिर एवं जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के बाहर दशनाम गोस्वामी समाज सेवा संस्था, शहर चित्तौड़गढ़ की ओर से कावड़ यात्रियों एवं यात्रा में शामिल भक्तों का पुष्पवर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष यशवंत पुरी गोस्वामी एडवोकेट, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पर्वत एडवोकेट, गोपाल गिरी जूस, गोपाल जगन्नाथ गिरी, तारण पुरी, पुखराज पुरी, मुकेश पुरी, संजय पुरी, अंकित पुरी, गणेश भारती, रवि पुरी, अभिनन्दन पुरी, राकेश पुरी एडवोकेट, बालकिशन पुरी, बंशी भारती, अंशु एवं मंशु सहित अन्य समाजजन मौजूद रहे। महिला पदाधिकारियों एवं समाज की महिलाओं ने भी कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान महिला जिला अध्यक्ष अलका गोस्वामी, उपाध्यक्ष अंजना गोस्वामी, महिला अध्यक्ष शहर राजेश्वरी गोस्वामी, पूर्व महिला अध्यक्ष शहर मनीषा गोस्वामी, उपाध्यक्ष रेखा पुरी एवं माया पुरी, सचिव प्रेमलता गोस्वामी एडवोकेट, विधि सलाहकार अंजली गोस्वामी एडवोकेट सहित प्रतिभा गोस्वामी, शारदा गोस्वामी, इन्दु देवी, गुड्डी, हेमा भारती, वनिता भारती, सुनीता पुरी, आशना पुरी, प्रियंका पुरी, प्रीति पुरी, संगीता गोस्वामी, अंजु गोस्वामी, काजल एवं गीतिका सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 'पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ अभियान 2026' के तहत सुमन मीणा की पहल से जमवारामगढ़ क्षेत्र में हुआ दो दिवसीय वृहद वृक्षारोपण एवं वृक्ष वितरण कार्यक्रम

### जन भागीदारी से बनेगा हरित जमवारामगढ़- सुमन मीणा

स्मार्ट हलचल




**जमवारामगढ़/भरत देवड़वाल।** पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा आमजन को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानडियावाला एवं टीम सुमन मीणा (TSM), जमवारामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार एवम रविवार, 23-24 अगस्त को 'पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ अभियान 2026' के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण एवं वृक्ष वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अभियान की विशेषता यह है कि कार्यक्रम को जमवारामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कानडियावाला कृषि फार्म से प्रारंभ होकर पापड़,राहोरी,रूपवास,मुंडला, हिराला स्टैंड,लाली, रामपुरावास, चौमुखा,साऊँ ,जमवारामगढ, गोपालगढ़, अनूपपुरा, सामरेड़, माथासूला, बहलोड़, चिलपली मोड़, केला का बास, ताला, दंताला गुर्जरान, दंताला मीणा, बीलोद एवं टोडामीणा सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया ।

**सुमन मीणा की सक्रिय पहल**

अभियान में सुमन मीणा की विशेष एवं सक्रिय भूमिका है। ट्रस्ट अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य तथा पूर्व सरपंच के रूप में वे लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र में जनभागीदारी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रही हैं। उनके नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक पौधे के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति ग्रामीणों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। सुमन मीणा ने आमजन से अपील की कि हर परिवार कम से कम दो पौधा लगाए और उसे पेड़ बनने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला हैं।

**डॉ. हरसहाय मीणा, आईएएस का पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का जुनून**

श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्ट संरक्षक डॉ. हरसहाय मीणा (आई.ए.एस.) ने अभियान को अधिक व्यापक जनआंदोलन बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि 'एक व्यक्ति-एक पेड़' की भावना को जन-अभियान का रूप देकर ही हम अपने गांवों और क्षेत्र को अधिक हरा-भरा बना सकते हैं। आज लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में छाया, ऑक्सीजन, हरियाली और पर्यावरणीय संतुलन के रूप में समाज को अपना योगदान देंगे। डॉ. हरसहाय मीणा ने युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का आह्वान किया । अभियान के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि 'सांसें हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम '। कार्यक्रम में पौधे लगाने के साथ-साथ आमजन को पौधों के संरक्षण, जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प भी दिलाया जाएगा। सुमन मीणा एवं डॉ. हरसहाय मीणा ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस अभियान को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानकर इसे निरंतर चलने वाला जन-अभियान बनाएं और अपने घर, खेत, सार्वजनिक स्थान तथा गांव में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लें। 'एक पेड़ अपने लिए, दूसरा अपनों के लिए—आइए, मिलकर हरित और स्वच्छ जमवारामगढ़ का निर्माण करें।' अभियान के दौरान रंगलाल चावंडिया, मुकेश सीकर, चन्द्रसिंह तहसीलदार, घाटी, फूलचंद कल्याण सहाय राकेश डालू , शम्भू (Sdm) विनोद सालाडवास,मांगीलाल तेजपाल राजपुरवास, जयराम मानोता, धोलू,रोहिताश , अमित मीणा, धोलूराम, पूरण, सन्नी , राकेश डालू, लेखराज, दिनेश , देवेन्द्र देवड़वाल, ओम प्रकाश प्रजापत, राकेश , मुकेश डोडा , हरलाल , , सन्नी, पुरण, लेखराज, हीरालाल, श्रीकृष्ण, फैलीराम नटाटा, कजोड़ कैलानवास, राजेश सरजोली डूंगरसी, खेमचंद झोल एवम टीम सुमन मीणा (TSM), जमवारामगढ़ के सैकड़ो कार्यकर्ता, ग्रामीण, पर्यावरण प्रेमी और श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट कानड़ियावाला के ट्रस्टी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे ।

### जयपुर में 'मस्त महिला मंडली' की स्क्रीनिंग, 10 महिलाओं ने सुनाई अपनी कहानी...

# स्मार्टफोन से बनाई 72 मिनट की सामुदायिक डॉक्यूमेंट्री, महिलाओं के आत्मविश्वास और अपनी कहानी खुद कहने के अधिकार पर हुआ संवाद

**स्मार्ट हलचल**



**जयपुर,** मुंबई के चेंबूर क्षेत्र की 10 कामकाजी महिलाओं द्वारा स्मार्टफोन कैमरे से तैयार की गई 72 मिनट की सामुदायिक डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मस्त महिला मंडली' की स्क्रीनिंग रविवार को जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में हुई। स्क्रीनिंग के बाद फिल्म निर्माण के अनुभव, महिलाओं की भागीदारी, सामुदायिक सिनेमा और डिजिटल माध्यमों से अपनी कहानी स्वयं कहने की संभावनाओं पर संवाद किया गया। फिल्म की खासियत यह है कि इसमें जिन महिलाओं के जीवन और अनुभवों को दिखाया गया है, वही महिलाएं इसके निर्माण में भी सक्रिय रूप से शामिल रही हैं। फिल्म निर्माता एवं निर्देशक अंजुम शेख, उनके साथ दर्शना मायकर, गौरी राणे, कविता खोमने, नाजनीन सिद्दीकी, रोहिणी कदम, रेहाना शेख, शीतल नवले, कविता घुग्गे और वैशाली माने ने कैमरा संभालने और अपनी कहानियां दर्ज करने की जिम्मेदारी निभाई। इन महिलाओं ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) के मीडिया एवं कल्चरल स्टडीज विभाग से फिल्म निर्माण का प्रशिक्षण लिया और करीब दो वर्षों तक हर शनिवार फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म की सह-निर्देशक एवं TISS की प्रोफेसर शिल्पी गुलाटी के मार्गदर्शन में उन्होंने स्मार्टफोन कैमरा संचालन, ऑडियो रिकॉर्डिंग, इंटरव्यू और एडिटिंग जैसी तकनीकें सीखीं। शिल्पी गुलाटी फिल्म की सह-निर्देशक, सह-फैसिलिटेटर और संपादक भी हैं। कोरो इंडिया ने फिल्म के निर्माण में भूमिका निभाई। बस्ती की जिंदगी को सिर्फ संघर्ष के रूप में नहीं दिखायाः फिल्म में महिलाओं के जीवन को केवल गरीबी और अभाव के नजरिए से नहीं दिखाया गया, बल्कि उनकी दोस्ती, हंसी-मजाक, सपने, इच्छाएं, आत्मविश्वास और रोजमर्रा की खुशियों को भी जगह दी गई है। फिल्म से जुड़ी नाजनीन सिद्दीकी ने कहा कि बस्ती की महिलाओं की जिंदगी को हमेशा दुख और संघर्ष की कहानी के रूप में देखने की जरूरत नहीं है। वे भी हंसती हैं, खेलती हैं, सपने देखती हैं और अपनी पसंद के अनुसार जीवन जीना चाहती हैं। फिल्म में रेहाना शेख का रसोई में खाना बनाते हुए नृत्य करने का दृश्य दर्शकों के बीच चर्चित रहा। वहीं कविता द्वारा भारतीय संविधान पढ़ने की रुचि महिलाओं के अधिकार, समानता और संविधान के प्रति उनकी समझ को सामने लाती है। महिलाएं फिल्म में कबड्डी खेलती, बाइक चलाती और सामुदायिक गतिविधियों में हिस्सा लेती दिखाई देती हैं। 'राइट टू पी' अभियान से शुरू हुई यात्राः कार्यक्रम में बताया गया कि फिल्म की यात्रा कोरो इंडिया के करीब 15 वर्ष पुराने 'राइट टू पी–पेशाब का अधिकार' अभियान से जुड़ी सामुदायिक पहल से शुरू हुई थी। शुरुआत में उद्देश्य स्वच्छता तथा सुरक्षित और सुलभ सार्वजनिक शौचालय के मुद्दे उठाना था। बाद में महिलाओं को स्मार्टफोन कैमरा देकर अपनी पसंद की तस्वीरें और वीडियो बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी प्रक्रिया में उन्होंने महसूस किया कि उनके जीवन, अनुभव, रिश्ते, सपने और रोजमर्रा की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण कहानियां हैं। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया ने महिलाओं के आत्मविश्वास को मजबूत किया। शुरुआत में कई महिलाओं के लिए कैमरे के सामने आना सहज नहीं था, लेकिन प्रशिक्षण और सामूहिक सहयोग के बाद उन्होंने अपनी बात खुलकर रखी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कहानी कहने का अधिकार केवल पेशेवर फिल्म निर्माताओं तक सीमित नहीं है। स्मार्टफोन और प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं और समुदाय स्वयं अपनी कहानियों और स्थानीय मुद्दों को दुनिया तक पहुंचा सकते हैं। स्क्रीनिंग के दौरान सामुदायिक सिनेमा, महिला नेतृत्व, डिजिटल कहानी कहने और महिलाओं द्वारा अपनी आवाज स्वयं दर्ज करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

## दाउदी बोहरा समाज ने निकाला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस हर्षोल्लास से मनाया त्यौहार

**स्मार्ट हलचल/ रणवीर सिंह चौहान**



**भवानी मंडी-** स्थानीय दाउदी बोहरा समाज ने रविवार को हर्षोल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर दाउदी बोहरा समाज ने हमेशा की तरह इस बार भी अपने विशेष बैंड बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से पूर्ण अनुशासन व सादगी के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला। जुलूस में सभी लोग अपनी परम्परागत गणवेश में चल रहे थे। साथ ही जुलूस में बच्चे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा व धर्म ध्वजा फहरा रहे थे। गौरतलब है कि दाउदी बोहरा समाज के सभी जलसों में अनुशासन के साथ सादगी दिखाई देती है। जुलूस में समाज के गणमान्य अली असगर भाई रंगवाला, मुफद्दल भाई, हुसैनी भाई, इब्राहिम भाई, जूज़र भाई, जोयब भाई, अली असगर,सैफ़ुद्दीन भाई, रसूल भाई, खोजम भाई व शब्बीर भाई आदि बड़ी संख्या में लोग व बच्चे शामिल थे। जुलूस का शहर में कई जगह स्वागत किया गया।

### नगर परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक 24 को

## चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से आवेदन लिए जाएंगे, जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी करेंगे अध्यक्षता

**स्मार्ट हलचल**

**अनिल कुमार ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार, 24 अगस्त को सुबह 10 बजे फतेहपुरिया बगीची, सतपुलिया में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी करेंगे। कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया ने बताया कि बैठक में आगामी नगर परिषद चुनाव की तैयारियों, संगठन की भूमिका और चुनावी रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद कांग्रेस की ओर से नगर परिषद चुनाव लड़ने के इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र भी स्वीकार किए जाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी इच्छुक कांग्रेसजनों से निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आवेदन प्रस्तुत करने का आह्वान किया है।

## वैष्णोदेवी स्वरूप में सजेंगे डिग्गी महादेव, अंतिम सोमवार को उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**स्मार्ट हलचल**

**अनिल कुमार ब्यावर।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शहर के प्रसिद्ध श्री डिग्गी महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष नजारा देखने को मिलेगा। 24 अगस्त को बाबा डिग्गी महादेव का माता वैष्णोदेवी के अलौकिक एवं दिव्य स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस अनूठे दर्शन को लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतिम सोमवार को तड़के से ही मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू होगा। भगवान डिग्गी महादेव का विशेष पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके साथ अखंड शिव महिम्न स्तोत्र एवं महामृत्युंजय मंत्रों का जाप होगा। शाम को माता वैष्णोदेवी स्वरूप में सजे बाबा डिग्गी महादेव की महादेव घोष के साथ भव्य महाआरती की जाएगी। महाआरती के बाद भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर होने वाले इस विशेष आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। समिति की ओर से भक्तों से सपरिवार मंदिर पहुंचकर बाबा डिग्गी महादेव के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने और धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है। 24 अगस्त को होगा विशेष आयोजन, पंचामृत अभिषेक, मंत्र जाप, महाआरती और छप्पन भोग रहेगा आकर्षण का केंद्र



## 1226वें नेत्र शिविर में 43 मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन

### 19 मरीजों के दूसरे चरण में हुए ऑपरेशन, जरूरतमंदों को मिली निःशुल्क उपचार सुविधा

**अनिल कुमार ब्यावर।** विकास मंडल ट्रस्ट, ब्यावर की ओर से अश्विनी हॉस्पिटल में आयोजित 1226वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन हुआ। शिविर श्री सिंधी सेंट्रल पंचायत सोसायटी, जिला ब्यावर की ओर से संचालित सिंधी आदिशक्ति सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर के द्वितीय चरण में 23 अगस्त को 19 नेत्र रोगियों के सफल ऑपरेशन किए गए। प्रथम एवं द्वितीय चरण को मिलाकर शिविर में अब तक कुल 43 नेत्र रोगियों के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क नेत्र जांच, उपचार और ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। समापन अवसर पर सुनील आसनानी, रमेश आलवानी, नीरज मोतियानी, कोमल मोतियानी, कीर्ति मंगलानी, जागृति गिद्धवानी, प्रकाश हसराजानी, कमल डेठानी, दीपेश भोजवानी, महेश पारवानी, चंदू सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर को जरूरतमंदों के लिए उपयोगी पहल बताते हुए ट्रस्ट एवं सहयोगी संगठन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के जरूरतमंद वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## श्रावक के लिए आराधना, मुनिराज के लिए साधना दोनों का लक्ष्य आत्मकल्याण : मुनि विवर्धनसागर

**दान से पापों का क्षय और पुण्यार्जन का मार्ग प्रशस्त : मुनि विवर्धनसागर**

**धन नहीं, धर्माराधना और पुण्य से सार्थक होता है जीवन : मुनि विवर्धनसागर**

**स्मार्ट हलचल**



**कोटा।** रिद्धि-सिद्धि नगर, कुन्हाड़ी स्थित अतिशयकारी श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में 'विराग वर्धन वर्षायोग-2026' के अंतर्गत गणधर मुनि श्री 108 विवर्धनसागर जी महाराज ससंघ के चातुर्मासिक प्रवास के दौरान धर्मसभा आयोजित हुई। धर्मसभा में श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के प्रवचनों का श्रवण कर धर्मलाभ लिया। मुनि विवर्धनसागर जी महाराज ने षट् आवश्यक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में आराधना और साधना दोनों का विशेष महत्व है। श्रावक और साधु के लिए मार्ग अलग हो सकते हैं, लेकिन दोनों का उद्देश्य आत्मकल्याण ही है। श्रावक के लिए देवपूजा, गुरुपासना, स्वाध्याय और दान आराधना के प्रमुख अंग हैं, जबकि संयम, तप और साधना मुनिराज के आध्यात्मिक जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य धन प्राप्ति को जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मान रहा है, जबकि धन के साथ धर्म और पुण्य का अर्जन भी आवश्यक है। केवल धन संचय से जीवन सार्थक नहीं होता। षट् आवश्यक का नियमित पालन, धर्माराधना और परोपकार के कार्य ही आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दान के माध्यम से व्यक्ति में सेवा और परोपकार की भावना विकसित होती है तथा पुण्यार्जन का मार्ग खुलता है। मुनिश्री ने कहा कि धर्म केवल सुनने या कहने की वस्तु नहीं है, बल्कि उसे जीवन के आचरण में उतारना आवश्यक है। प्रतिदिन षट् आवश्यक का पालन करने से व्यक्ति अपने भीतर अनुशासन, संयम और आत्मचिंतन की भावना विकसित कर सकता है। उन्होंने मुनिराज के षट् आवश्यक की व्याख्या करते हुए कहा कि स्तुति, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, सामायिक और कायोत्सर्ग साधना के महत्वपूर्ण आधार हैं। श्रावक आराधना एवं सदाचरण के माध्यम से आध्यात्मिक विकास की ओर बढ़ता है, जबकि मुनिराज की साधना मोक्ष की दिशा में अग्रसर करती है। मंदिर अध्यक्ष राजेंद्र गोधा एवं मंत्री पंकज खटोड़ ने बताया कि सुगंधिदेवी, महेंद्र बगड़ा तथा मौसम त्रिपाल वाले चौके की ओर से संत भवन में आहारचर्या के लिए निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।मंच संचालन पारस कासलीवाल ने किया। धर्मसभा में प्रकाश बज, महामंत्री पदम बड़ला, अशोक सांवला, पुष्प लुहाड़िया, टीकम पाटनी, जयकुमार हरसौरा, नरेश टेंट वाले, चंद्रेश रावका, नीरज अजमेरा, प्रियंक सिंघई, अशोक पापड़ीवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ पुलिस थाना भवानीमंडी की लगातार दुसरी कार्यवाही- आरोपी के कब्जे से 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा को किया जप्त

**स्मार्ट हलचल**



**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार दूसरी कार्रवाई करते हुए एक अधेड़ को 2 किलो मादक पदार्थ अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अधिक से अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर अपराधियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अंतर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 02 किलो गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

**घटना विवरणः-** 22 अगस्त रेवतीरमन उ.नि. पुलिस थाना भवानीमंडी मय जाप्ता द्वारा अवैध कार्यों की चेकिंग व रोकथाम हेतु दौराने नाकाबंदी पुलिस चौकी पीपल्या के सामने आम रोड पीपल्या से झालावाड़ रोड से एक व्यक्ति प्रभुलाल को डिटेन किये जाकर डिटेनशुदा व्यक्ति प्रभुलाल के कब्जे से 02 किलो गांजा को जप्त किया जाकर आरोपी प्रभुलाल को गिरफ्तार किया गया।

**कार्यवाही पुलिसः-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं सत्यनारायण गोदारा वृत्ताधिकारी वृत्त भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कल 22 अगस्त को नाकाबंदी पुलिस चौकी पीपल्या के सामने आम रोड पीपल्या से झालावाड़ रोड से एक व्यक्ति प्रभुलाल को डिटेन किये जाकर डिटेनशुदा व्यक्ति प्रभुलाल के कब्जे से 02 किलो गांजा को जप्त किया जाकर आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस. की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी प्रभुलाल द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा कहा से खरीदा व किसे देने जा रहा के बारे में अनुसंधान जारी है।

**नाम पता गिरफ्तार शुदा आरोपीः-** प्रभुलाल पुत्र शंकरलाल जाति मेघवाल उम्र 50 साल निवासी नगीशपुर थाना सुसनेर जिला-आगर मालवा (म.प्र.)

पुलिस थाना भवानीमंडी टीम विवरणः-

प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी

रेवतीरमन उ.नि. पुलिस थाना भवानीमंडी

अशोक शर्मा सउनि पुलिस थाना भवानीमंडी

अनुराग सउनि पुलिस थाना भवानीमंडी

विकास कुमार कानि. 285 पुलिस थाना भवानीमंडी

हरिराम कानि.1258 पुलिस थाना भवानीमंडी

देवाराम कानि. 171 पुलिस थाना भवानीमंडी (विशेष भूमिका)

धन सिंह कानि. 967 पुलिस थाना भवानीमंडी

## अतिवृष्टि के बाद सुनेल के खाल की सुध, सफाई गहरीकरण के लिए 40 लाख की स्वीकृति

### भविष्य में जलभराव से राहत के साथ ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

**स्मार्ट हलचल**

**झालावाड़** 10 अगस्त को हुई अतिवृष्टि के बाद सुनेल कस्बे में खाल का पानी घुसने से कई मोहल्लो के घरों और दुकानों में पानी भर गया था। अचानक आए पानी से लोगों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। घटना के अगले ही दिन प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे शुरू कर नुकसान का आकलन कराया और रिपोर्ट सरकार को भेजी। अतिवृष्टि के बाद कस्बेवासियों ने खाल की साफ-सफाई, चौड़ीकरण, गहरीकरण और अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई थी, ताकि भविष्य में तेज बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू रहे और खाल किनारे बसे परिवारों को नुकसान से बचाया जा सके। इसी दिशा में प्रशासन ने 21 अगस्त को सुनेल के खाल की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत चार कार्यों के लिए कुल 40 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इससे खाल की जल निकासी क्षमता बढ़ने के साथ भविष्य में अतिवृष्टि के दौरान जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। खास बात यह है कि इन कार्यों के माध्यम से जल निकासी व्यवस्था मजबूत होने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इससे बारिश के दौरान होने वाले नुकसान को रोकने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिलेगा।

**12 अगस्त को कलेक्टर ने किया था प्रभावित बस्तियों का निरीक्षण-**

अतिवृष्टि के बाद जिला कलेक्टर अजय सिंह ने 12 अगस्त को सुनेल की अतिवृष्टि प्रभावित बस्तियों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। वहीं, उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार बालोत ने पंचायत समिति के अधिकारियों को खाल की साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं।




## आगामी त्यौहारों के मद्देनजर थाना भवानीमंडी ने किया सी.एल.जी. मीटिंग का आयोजन

### कस्बा वासियों से त्यौहारों पर आपसी सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने की गई अपील...

**स्मार्ट हलचल**



**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** आगामी त्यौहारों को देखते हुए भवानी मंडी थाने में सीएलजी की बैठक संपन्न हुई बैठक में पुलिस अधिकारियों ने आगामी त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही तथा जुलूसों में ध्वनि प्रसारण यंत्रों के उपयोग नहीं करने की अपील की जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सभी थानाधिकारियों को अपने अपने थाना इलाके में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया था। इन्हीं निर्देशों की पालना में भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ एवं सत्यनारायण गोदारा आर.पी.एस. वृत्ताधिकारी वृत्त भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी द्वारा थाना परिसर में शांति समिति व सी.एल.जी. सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया जाकर सदस्यों से आगामी त्यौहारों पर आपसी सौहार्द व कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**अपीलः-**

त्यौहारों के मद्देनजर आयोजित जुलूस में ध्वनि प्रसारण यंत्र का उपयोग नहीं करें।

त्यौहारों के मद्देनजर आयोजित जुलूस में प्रशासन द्वारा दिये निर्देशों की पूर्णतः पालना करें।

### रक्षासूत्र में बंधा भरोसा, 51 जरूरतमंद महिलाओं को मिली पेंशन

## श्री राजपूत सभा की पहल महिलाओं ने भाइयों को बांधा रक्षासूत्र, समाज ने हर परिस्थिति में साथ निभाने का लिया संकल्प

**तीन महिलाओं से शुरू हुआ मदद का सफर 51 तक पहुंचा,अब तक 30 महिलाओं को बांटी जा चुकी हैं सिलाई मशीनें**

**स्मार्ट हलचल**



**कोटा।** श्री राजपूत सभा, कोटा ने समाज की जरूरतमंद विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक संबल देने की अपनी पहल को और विस्तार दिया। कंसुआ चौराहा स्थित चौहान भवन में आयोजित कार्यक्रम में 51 जरूरतमंद महिलाओं और एक वृद्ध दंपती को पेंशन की दसवीं किस्त वितरित की गई। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सामान्य 800 रुपए की मासिक पेंशन में 200 रुपए की अतिरिक्त राशि जोड़कर प्रत्येक महिला को इस माह 1000 रुपए दिए गए। समाज सारथी रविन्द्र सिंह हाड़ा 'नरेश' ने बताया कि उद्योग नगर क्षेत्र से शुरू हुई यह पहल करीब 10 माह पहले महज तीन जरूरतमंद महिलाओं के साथ शुरू की गई थी। नवंबर 2025 में 15 महिलाओं से प्रारंभ पेंशन अब 51 महिलाओं को हर माह नियमित आर्थिक सहायता दी जा रही है। महिलाओं ने समाज सारथियों को रक्षासूत्र बांधकर अपना आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने भाइयों के प्रति स्नेह और सम्मान जताते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। समाज सारथियों ने भी जरूरतमंद महिलाओं के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने तथा समाज में एक-दूसरे का सहारा बनने का संकल्प लिया। आर्थिक परिस्थितियों के कारण कोई भी जरूरतमंद महिला स्वयं को अकेला न समझे। समाज का प्रयास है कि आर्थिक सहायता के साथ उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर भी मिले।

**पेंशन के साथ स्वरोजगार पर भी फोकस**

श्री राजपूत सभा ने महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। अक्टूबर 2025 में 17 जरूरतमंद विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गई थीं। अब तक कुल 30 सिलाई मशीनें वितरित की जा चुकी हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को घर से ही सिलाई कार्य से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने में सहयोग करना है। कार्यक्रम में लोकेंद्र सिंह राजावत, रविन्द्र सिंह हाड़ा 'नरेश', प्रताप सिंह नागदा, नारायण सिंह राजावत,कमल सिंह हाड़ा, विवेक सिंह सिसोदिया, राजेश सिंह परिहार, टीकम सिंह नरूका, मुकेश सिंह राजावत, मांगू सिंह राजावत, राजेंद्र सिंह राणावत, भवानी सिंह शेखावत, बुद्धराज सिंह हाड़ा, प्रताप सिंह हाड़ा, भंवर सिंह चौहान, दीपक सिंह हाड़ा, शैलेन्द्र सिंह राजावत, महावीर सिंह राणावत, राजेश सिंह सेंगर, डॉ. प्रदीप सिंह पंवार, भगवान सिंह तंवर, कुलदीप सिंह नरूका, भागीरथ सिंह राजावत, धनराज सिंह हाड़ा, युवराज सिंह नरूका सहित सैकड़ों समाज सारथी उपस्थित रहे।

### 20 दिन बाद भी नहीं निकला बारिश का पानी, खेल और युवाओं की तैयारी ठप

# गंदगी, सड़ते पानी और दुर्गंध से परेशान खिलाड़ी, अग्निवीर अभ्यर्थी, महिलाएं और बुजुर्ग...

स्मार्ट हलचल





**भरतपुर-** शहर के प्रमुख खेल परिसर लोहागढ़ स्टेडियम की बदहाल स्थिति इन दिनों खिलाड़ियों, सेना एवं अग्निवीर भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं और आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। करीब 20 दिन पहले हुई बारिश के बाद स्टेडियम परिसर और यहां आने-जाने वाले रास्तों में भरा पानी अब तक पूरी तरह नहीं निकल पाया है। कई हिस्सों में पानी जमा होने के साथ गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि स्टेडियम में होने वाली रनिंग, वॉक, योग और विभिन्न खेलों की गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। रोजाना सैकड़ों लोग यहां पहुंचते हैं लेकिन जलभराव और गंदे पानी के कारण बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। स्टेडियम में नियमित रूप से वॉक और रनिंग करने वाले राहुल मदेरणा ने इस समस्या को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति या एक खेल से जुड़ी परेशानी नहीं है बल्कि स्टेडियम से जुड़े हर वर्ग को इसका सामना करना पड़ रहा है।

**सैकड़ों लोगों की दिनचर्या प्रभावित**

लोहागढ़ स्टेडियम में सुबह के समय बड़ी संख्या में युवा, बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग पहुंचते हैं। कोई सेना और अग्निवीर भर्ती की तैयारी करता है तो कोई रनिंग, वॉक या योग के लिए आता है। विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी भी नियमित अभ्यास के लिए इसी परिसर पर निर्भर हैं। मदेरणा के अनुसार सैकड़ों लोग रोज यहां आते हैं लेकिन मौजूदा हालात में मुश्किल से कुछ गिनती के लोग ही पहुंच पा रहे हैं। कई बच्चे, लड़कियां, महिलाएं और बुजुर्ग तो रास्ते में पानी देखकर वापस लौटने को मजबूर हैं। यह कहना सही नहीं होगा कि सिर्फ कुछ खेल प्रभावित हैं, बल्कि पूरा स्टेडियम ही प्रभावित है।

**अग्निवीर और सेना की तैयारी करने वाले युवा परेशान**

लोहागढ़ स्टेडियम में बड़ी संख्या में युवा सेना और अग्निवीर भर्ती की शारीरिक तैयारी करते हैं। दौड़ और शारीरिक अभ्यास उनकी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे में मैदान और रास्तों में लंबे समय तक पानी भरा रहना युवाओं की तैयारी पर सीधा असर डाल रहा है। कई युवा सीमित संसाधनों में अपने भविष्य के लिए मेहनत कर रहे हैं और उनके पास अभ्यास के लिए शहर में पर्याप्त वैकल्पिक मैदान उपलब्ध नहीं हैं। मदेरणा का कहना है इन बच्चों के लिए रोज का अभ्यास बहुत महत्वपूर्ण है। भर्ती की तैयारी में एक-एक दिन मायने रखता है। अगर स्टेडियम में ही अभ्यास नहीं हो पाएगा तो इन युवाओं के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

**बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कुश्ती और सॉफ्टबॉल आदि खेल के खिलाड़ी भी प्रभावित**

जलभराव का असर केवल खुले मैदान या रनिंग करने वालों तक सीमित नहीं है। स्टेडियम परिसर में बने बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कुश्ती, सॉफ्टबॉल और कबड्डी आदि जैसे खेलों से जुड़े बच्चों और खिलाड़ियों की गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इन खेल परिसरों तक पहुंचने वाले रास्तों और आसपास पानी जमा होने से खिलाड़ी नियमित अभ्यास के लिए पहुंच नहीं पा रहे हैं। ऐसे में अलग-अलग खेलों की तैयारी करने वाले बच्चों की ट्रेनिंग बाधित हो रही है। इससे साफ है कि लोहागढ़ स्टेडियम में समस्या किसी एक खेल की नहीं, बल्कि पूरे खेल परिसर की व्यवस्था प्रभावित होने की है।

**गंदे और सड़ते पानी से बीमारी का खतरा**

स्टेडियम में कई दिनों से जमा पानी अब सड़ने लगा है। पानी से दुर्गंध उठ रही है और आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ऐसे माहौल में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की चिंता भी सताने लगी है। जो लोग मजबूरी में गंदे पानी से होकर गुजरते हैं, उनके कपड़े और जूते खराब होने के साथ त्वचा संबंधी संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। बच्चों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंता का विषय है। मदेरणा ने कहा कि बच्चे अपने भविष्य के लिए मेहनत करने आते हैं। उन्हें गंदे और सड़े हुए पानी से होकर गुजरना पड़े, यह बहुत गंभीर बात है। इतने दिन बीतने के बाद भी पानी और गंदगी की स्थिति बनी हुई है तो स्टेडियम की देखभाल और व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**महिलाएं और बुजुर्ग भी नहीं निकल पा रहे**

लोहागढ़ स्टेडियम में बड़ी संख्या में महिलाएं योगाभ्यास के लिए और बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं। बच्चों और युवाओं की तरह इन लोगों की दिनचर्या भी जलभराव के कारण प्रभावित हुई है। गंदे पानी और कीचड़ से भरे रास्ते से होकर गुजरना महिलाओं और बुजुर्गों के लिए आसान नहीं है। यही कारण है कि कई लोग नियमित रूप से स्टेडियम नहीं पहुंच पा रहे हैं। मदेरणा का कहना है कि स्टेडियम की मौजूदा स्थिति का असर हर उम्र और हर वर्ग के व्यक्ति पर पड़ रहा है।

**वाहनों से आने वाले लोग भी परेशान**

स्टेडियम तक आने वाले रास्तों में पानी और कीचड़ जमा होने से बाइक और अन्य वाहनों से आने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। वाहन गंदे होने के साथ रास्ते में फिसलने का खतरा भी बना हुआ है। मदेरणा बताते हैं कि रोजाना स्टेडियम आने-जाने वाले लोगों के लिए रास्ते की स्थिति लगातार परेशानी का कारण बनी हुई है।

**सवाल 20 दिन बाद भी पानी क्यों नहीं निकला?**

स्थानीय लोगों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि बारिश हुए करीब 20-25 दिन बीत जाने के बावजूद स्टेडियम से पानी की निकासी क्यों नहीं हो पाई? लोगों का कहना है कि समस्या का समाधान केवल जमा पानी निकालने तक सीमित नहीं होना चाहिए। स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था, नियमित सफाई और स्टेडियम के बेहतर रखरखाव की जरूरत है, ताकि भविष्य में बारिश के बाद ऐसी स्थिति दोबारा पैदा ना हो।

**मदेरणा की मांग–तत्काल हो स्थायी समाधान**

राहुल मदेरणा ने संबंधित प्रशासन और जिम्मेदार विभागों से मांग की है कि लोहागढ़ स्टेडियम का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। जमा पानी को निकालने के साथ पूरे परिसर की सफाई, गंदगी हटाने और खेल परिसरों तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि केवल इस बार पानी निकाल देना पर्याप्त नहीं होगा। स्टेडियम में स्थायी जल निकासी व्यवस्था और नियमित रखरखाव की व्यवस्था जरूरी है।

**लोहागढ़ स्टेडियम सिर्फ मैदान नहीं, युवाओं के भविष्य का केंद्र**

लोहागढ़ स्टेडियम भरतपुर के सैकड़ों युवाओं के लिए सिर्फ एक खेल मैदान नहीं है। यहां सेना और अग्निवीर भर्ती की तैयारी करने वाले युवा अपने भविष्य के लिए पसीना बहाते हैं। विभिन्न खेलों से जुड़े बच्चे अपनी प्रतिभा निखारते हैं और महिलाएं-बुजुर्ग स्वास्थ्य एवं फिटनेस के लिए यहां आते हैं। मदेरणा का कहना है कि लोहागढ़ स्टेडियम को सिर्फ एक मैदान समझकर इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यहां भरतपुर के बच्चों और युवाओं का भविष्य जुड़ा हुआ है। प्रशासन को तत्काल कदम उठाकर इसे साफ, सुरक्षित और उपयोगी बनाना चाहिए। अब जरूरत सिर्फ आश्वासन की नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की है। स्थानीय लोगों की उम्मीद है कि संबंधित विभाग मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगे और जल्द पानी की निकासी, सफाई तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था की दिशा में कदम उठाएंगे। मदेरणा और स्टेडियम आने वाले रूपेश खण्डेलवाल, उमेश तिवारी, सुशांत गुप्ता आदि लोगों की मांग स्पष्ट है- लोहागढ़ स्टेडियम को ऐसा सुरक्षित और साफ-सुथरा खेल परिसर बनाया जाए, जहां भरतपुर के बच्चे खेल सकें, युवा अपने भविष्य की तैयारी कर सकें, महिलाएं योग कर सकें और बुजुर्ग बिना किसी परेशानी के मॉर्निंग वॉक कर सकें।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक, जिताऊ उम्मीदवारों पर रहेगा फोकस, टिकट के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य,

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर सिटी, ,मदन मोहन गर्ग।** नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में पार्षद पद के टिकट के दावेदारों की संख्या बढ़ रही है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को ऑनलाइन भेजे गए आवेदन ही मान्य होंगे और इन्हीं के आधार पर टिकट वितरण पर विचार किया जाएगा। रविवार शाम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंगापुर सिटी की ओर से मधुवन रिसोर्ट में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें विधायक एवं विधानसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता रामकेश मीना सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में टिकट के दावेदार शामिल हुए। कई दावेदार समर्थकों के साथ पहुंचे और अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। बैठक में नेताओं ने जीतने की मजबूत संभावना वाले प्रत्याशियों को टिकट देने पर जोर दिया। कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य नगर परिषद में सभापति बनाने का बताया गया। वार्ड में मजबूत पकड़ रखने वाले और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सुनील शर्मा, हरगोविंद कटारिया, बीरेंद्र अग्रवाल, राजेश जैमिनी, अनवार अली काजी, जिला महामंत्री हाजी जमील खां, पीसीसी सदस्य मुकेश शर्मा, कैलाश मीना, अब्दुल बहाव, हरदयाल जाटव और नेतराम बैरवा सहित अन्य नेताओं ने विचार व्यक्त किए। पार्टी नेताओं ने टिकट के इच्छुक कार्यकर्ताओं से निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आह्वान किया। स्पष्ट किया गया कि ऑनलाइन आवेदन नहीं करने वाले दावेदारों के नाम पार्टी रिकॉर्ड में शामिल नहीं होंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने और कांग्रेस को मजबूत करने का भी आह्वान किया गया।

## मंडाप गांव से पाँचवी विशाल पैदल यात्री बाबा रामदेव के लिए हुए रवाना

स्मार्ट हलचल



**सांगोद** 23 अगस्त को हर साल की भाती इस वर्ष भी पाँचवी विशाल पैदल यात्री बाबा रामदेव जी रूणीजा धाम के लिए पैदल यात्रियों का जत्था मंडाप गांव से हुआ रवाना सामाजिक कार्यकर्ता हैमन्त नागर ने बताया कि हर साल की भांती इस वर्ष भी मंडाप गांव से बाबा रामदेव जी रुणीजा धाम के लिए पैदल यात्री बाबा के जयकारों के साथ यात्री हुए रवाना पैदल यात्री 14-15 दिन मै बाबा रामदेव जी पहुँच जाते है पैदल यात्री जब गांव से रवाना होते तो पुरे रास्ते में जगह - जगह पैदल यात्रियो के लिए बाबा रामदेव जी के भण्डारों पर रहने व खाने पीने की पुरी व्यवस्था रहती है पैदल जाने वाले यात्री राजकुमार बैरवा प्रेमचंद बैरवा बिटेंश बैरवा विशाल बैरवा को ग्रामीणों के द्वारा माता जी के मन्दिर से स्वागत करके रवाना किया गया

## क्रोध ही पाप की जड़ है, क्रोध घर मे जहर घोलता है : साध्वी श्री प्रतिभा श्री जी

स्मार्ट हलचल




**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी स्थित शान्ति भवन मे चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान जैन सिहान्ताचार्य श्री प्रतिभा श्री जी मा.सा. ने अपने प्रवचन में फरमाया की क्रोध पाप की जड़ है। ईंट का जवाब पत्थर से नहीं प्यार से दिया जाना चाहिए। क्रोध साधुओ को भी आता है परन्तु वे विवेकशील होते है। श्रावक अपना विवेक खो बैठते है व उनका दिमाकी सन्तुलन बिगड़ जाता है। मन अशान्त हो जाता है। यदि क्रोध को कम करना है तो जो क्रोध कर रहा है उसी से एक रोटी ज्यादा खाना वैसे ही सामने वाले का गुस्सा शान्त हो जाएगा। गुस्सा आए तो मौन रखना, पूर्व मे क्रोध के वशीभूत महिलाएं कोप भवन का आश्रय लेती है आज महिलाएं बेड रूप का आश्रय लेती है। क्रोध के वशीभूत यदि व्यक्ति खाना छोड़ता है तो वह काम नही करेगा। काम नही करेगा तो खाली दिमाक शैतान का घर वाली कहावत चरितार्थ होगी। परमात्मा की वाणी कहती है कम से कम क्रोध करो। क्रोध घर मे जहर घोलता है। जिसने क्रोध पर विजय प्राप्त कर ली है वह व्यक्ति अवश्य ही सदगति प्राप्त करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व आसपास के गांवों से श्रावक श्राविकाएँ प्रवचन सुनने पहुंचे जिनका श्रीसंघ सेन्थी ने अभिनन्दन किया।

## निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर, ब्यावर में कोर कमेटी गठित

### दियाकुमारी के नेतृत्व में बनी कमेटी, प्रत्याशी चयन से लेकर चुनावी रणनीति तक संभालेगी जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** आगामी निकाय चुनावों को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए ब्यावर जिले में भाजपा कोर कमेटी का गठन किया गया है। राज्य की उपमुख्यमंत्री एवं ब्यावर जिला प्रभारी मंत्री दियाकुमारी के नेतृत्व में गठित कमेटी में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। कोर कमेटी में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, राजसमंद सांसद महिमा कुमारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र कुमावत, विधायक अविनाश गहलोत, शंकरसिंह रावत, वीरेंद्र सिंह कानावत, शोभा चौहान और जबरसिंह सांखला को सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा ब्यावर जिलाध्यक्ष आशीष सांड, संभाग प्रभारी कैलाश मेघवाल और जिला प्रभारी विमल अग्रवाल को भी कमेटी में शामिल किया गया है। ब्यावर के भाजपा नेता इंदरसिंह बागावास को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। कोर कमेटी आगामी निकाय चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के साथ संभावित प्रत्याशियों के चयन, संगठनात्मक समन्वय और चुनावी तैयारियों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। कमेटी के गठन को निकाय चुनाव से पहले भाजपा संगठन को सक्रिय और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों में सीटें उपलब्ध

## सोगरिया-जबलपुर और कोटा-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल में निर्धारित तिथियों पर आरक्षण की सुविधा

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोटा मंडल से संचालित की जा रही तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों में से सोगरिया-मथुरा-सोगरिया अनारक्षित स्पेशल है, जबकि सोगरिया-जबलपुर-सोगरिया तथा कोटा-हजरत निजामुद्दीन-कोटा एक्सप्रेस स्पेशल में विभिन्न श्रेणियों में सीटें उपलब्ध हैं। यात्री उपलब्धता के अनुसार इन ट्रेनों में आरक्षण कराकर रक्षाबंधन पर्व के दौरान सुविधाजनक रेल यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09806 सोगरिया-जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल में सोगरिया से प्रस्थान की तिथियों 25 एवं 27 अगस्त को विभिन्न श्रेणियों में सीटें उपलब्ध हैं। 25 अगस्त को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 25, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 63 तथा शयनयान श्रेणी में 142 सीटें उपलब्ध हैं। 27 अगस्त को क्रमशः 25,72 एवं 177 सीटें उपलब्ध हैं। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09803 कोटा-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस स्पेशल में कोटा से प्रस्थान की तिथियों 24 एवं 26 अगस्त को विभिन्न श्रेणियों में उपलब्धता है। 24 अगस्त को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 87, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 227, शयनयान श्रेणी में 265 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी में 50 सीटें उपलब्ध हैं। 26 अगस्त को क्रमशः 89,260,340 एवं 50 सीटें उपलब्ध हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि उपलब्ध सीटों की संख्या को ध्यान में रखते हुए समय रहते आरक्षण कराएं और रक्षाबंधन पर्व पर आरामदायक रेल यात्रा का लाभ उठाएं। सीटों की उपलब्धता बदलती रहती है, इसलिए आरक्षण के समय नवीनतम उपलब्धता की जानकारी अवश्य जांचें। यात्रा से संबंधित गाड़ी की स्थिति, समय एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है।

## जमीन दिखाने के बहाने बुलाया, रास्ते में मारपीट कर 5,000, मोबाइल व मोटरसाइकिल लूटने का आरोप

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** वार्ड नंबर 4, मंगळपुरा, भीलवाड़ा निवासी किशन सिंह कानावत पुत्र श्री भंवर सिंह राजपूत ने पुलिस थाना कारोई के थानाधिकारी को परिवाद प्रस्तुत कर अपने साथ हुई कथित मारपीट एवं लूट के संबंध में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। परिवाद के अनुसार, दिनांक 23.08.2026 को किशन सिंह रीको नंबर-1 चौराहा पर एक दुकान पर बैठा था। इसी दौरान लगभग 40 वर्ष का एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और हाई-हैलो करने लगा। उक्त व्यक्ति ने बताया कि उसे लगभग 10-15 किलोमीटर के क्षेत्र में जमीन खरीदनी है। किशन सिंह के अनुसार, उक्त व्यक्ति को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर वह उसे गुंदली क्षेत्र में जमीन दिखाने ले गया। जमीन दिखाकर वापस लौटते समय मोहन मंगरी के पास उक्त व्यक्ति ने पेशाब करने के बहाने वाहन रोकने को कहा। वाहन रुकते ही कथित रूप से उसने किशन सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह बेहोशी जैसी स्थिति में आ गया। आरोप है कि इसी दौरान उसकी जेब से 5,000 नकद, मोबाइल फोन तथा उसकी मोटरसाइकिल लेकर आरोपी मौके से फरार हो गया।

परिवाद में मोबाइल नंबर 9057008598 तथा मोटरसाइकिल नंबर RJ 06 BN 9225 का भी उल्लेख किया गया है।

किशन सिंह के अनुसार, होश में आने के बाद उसने सड़क पर आकर लिफ्ट लेकर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उसे मामला पुलिस थाना कारोई का बताकर वहां रिपोर्ट देने के लिए कहा गया। इसके बाद उसने थानाधिकारी कारोई के समक्ष लिखित परिवाद प्रस्तुत किया है।

### पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

परिवादी ने पुलिस से मांग की है कि अज्ञात आरोपी के विरुद्ध लूट, मारपीट एवं अन्य लागू आपराधिक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तत्काल अनुसंधान किया जाए, आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए तथा लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल बरामद की जाए। साथ ही घटनास्थल एवं आसपास के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मोबाइल नंबर एवं अन्य उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करने की मांग की गई है। परिवादी ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई कर उसे कानून के अनुसार दंडित किए जाने की मांग की है।

## संत निरंकारी मिशन ने रोपे 150 से अधिक फलदार व छायादार पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

### निरंकारी मिशन नि :स्वार्थ भाव से जो सेवा कार्य कर रहा है, वह सराहनीय एवं प्रेरणादायक है : कैलाश कोठारी

**'वननेस वन' अभियान के छठे चरण में आरजिया चौराहा स्थित भवन में हुआ पौधारोपण**

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की अपार कृपा से रविवार को आरजिया चौराहा स्थित संत निरंकारी भवन परिसर में संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 150 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण किया गया। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ समाजसेवी कैलाश कोठारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन सभी समाजों को एक मंच पर लाकर निस्वार्थ भाव से जो सेवा कार्य कर रहा है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है। आज अधिकांश लोग किसी भी कार्य के साथ अपना नाम और पहचान जोड़ना चाहते हैं, वहीं निरंकारी मिशन बिना किसी स्वार्थ एवं दिखावे के मानव सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज कल्याण के कार्यों में निरंतर जुटा हुआ है। मिशन की यह सेवा भावना वास्तव में अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पेड़ लगाने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण देने का संकल्प है। सभी लोगों को ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। स्थानीय मुखी इंचार्ज संत ग्यारसी लाल ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह का दिव्य संदेश 'प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों ही हानिकारक हैं' केवल पर्यावरण संरक्षण का आह्वान नहीं, बल्कि मानवीय चेतना को निर्मल बनाने और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का प्रेरणास्त्रोत है। इसी प्रेरणा को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन पर्यावरण संरक्षण की पहल 'वननेस वन प्रकृति के साथ समरसता' के माध्यम से हरित, संतुलित एवं सतत भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से अगस्त 2021 में प्रारंभ हुई यह अनूठी पहल आज देशव्यापी जन-अभियान का रूप ले चुकी है। इसका उद्देश्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आत्मीय संबंध को पुनर्जीवित करना, पर्यावरण संरक्षण को जीवन-मूल्य के रूप में स्थापित करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, स्वच्छ एवं संतुलित पृथ्वी का निर्माण करना है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि भीलवाड़ा सहित भारत के विभिन्न राज्यों में अब तक लगभग 350 वृक्ष समूह स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 600 से अधिक 'वननेस वन' स्थलों पर श्रद्धालु एवं सेवादार पूर्ण समर्पण के साथ पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन में जुटे हुए हैं। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सामूहिक सहभागिता की भावना को भी मजबूत कर रहा है। इसी सतत प्रयास को आगे बढ़ाते हुए 23 अगस्त, रविवार को इस महाअभियान के छठे चरण का शुभारंभ किया गया। देशभर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों सहित 630 स्थानों पर एक साथ आयोजित इस अभियान में लाखों श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाते हुए लगभग 10 लाख पौधों का रोपण किया। यह व्यापक अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ हरित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय मीडिया सहायक लादू लाल भांड ने बताया कि क्षेत्रीय संचालक संत हरिचरण, संचालक रमेश कुमार मेहरा, शिक्षक गोपाललाल कटारिया, ओमप्रकाश मेहरा आदि की देखरेख में सेवादल के भाई-बहनों एवं साध संगत ने बड़े हर्षोल्लास के साथ फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। इनमें आम, अमरूद, नींबू, जामुन, चीकू, बनासपति, अशोक, केनरिया, चंपा, इसपाइकस सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। साथ ही लगाए गए पौधों की निरंतर देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में मुखी इंचार्ज संत ग्यारसी लाल ने सभी समाजसेवियों, साध संगत, सेवादारों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## शंकर विहार कॉलोनी की कार्यकारिणी गठित



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़** चामटी खेड़ा स्थित शंकर विहार कॉलोनी में आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ मंदिर निर्माण हेतु कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुरेश खोईवाल,सचिव मनोज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार हेडा, उपाध्यक्ष किशोर पवार एडवोकेट कालू लाल सुथार, संरक्षक मंडल में शिव शंकर पाराशर, मनोहर पपलानी, मानक चंद ब्यावट,जसवंत शर्मा तथा संगठन मंत्री पवन कुमार वैष्णव,राजकुमार चावला, महामंत्री कन्हैया लाल प्रजापत,करण सिंह चौहान के साथ कार्यकारी सदस्य राहुल पाराशर राहुल कुमावत को मनोनीत किया गया कार्यकारिणी के गठन को लेकर शंकर विहार कॉलोनी के साथ- साथ क्षेत्र वासियों में भी हर्ष व्याप्त है बैठक में पवन कुमार सुरेश खोईवाल कन्हैया लाल जसवंत शर्मा पिरु मल निखिल प्रजापत मनोहर राज कुमार चावल राहुल परमार लोकेश हेडा मनोज कुमार साहू राहुल कुमावत शिव लाल मिटू लाल करण सिंह विनोद साहू ओम प्रकाश जितेन्द्र सांडिया कालू सुथार एवम् संतोष खोईवाल टिंकल परमार विमला पवार संगीता यादव आदि कई कोलोनी निवासी उपस्तिथि थे बैठक का संचालन पवन कुमार वैष्णव तथा आभार कन्हैया लाल प्रजापत द्वारा व्यक्त किया गया

समीक्षा बैठक | वी.श्रीनिवास ने शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक की

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें: मुख्य सचिव



जयपुर(नि.सं.)। राज्य में संचालित विभिन्न वस्त्र उद्योग क्लस्टरों (बालोतरा, जसोल, पाली, सांगानेर और जोधपुर) में पर्यावरण मानकों की पालना और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) से संबंधित मुद्दों को लेकर मुख्य सचिव श्री वी.श्रीनिवास ने शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक की। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार जोजरी, बांडी, लूनी और सांगानेर बेसिन में कड़े पर्यावरणीय नियम लागू किए गए हैं। इसमें दीवानी जुर्माने के स्थान पर क्रिमिनल लाइबिलिटी तय किया गया है। पिछले 35 दिनों में 2,000 से अधिक वस्त्र एमएसएमई इकाइयां सील की गई हैं। बैठक में बताया गया कि नदियों में प्रदूषण नियंत्रण अपशिष्ट जल प्रबंधन एवं पर्यावरण सुधार के लिए रिवर बेल्ट के रेस्टोरेशन का ब्लूप्रिंट तैयार किया जाएगा, रिवर बेसिन अथॉरिटी द्वारा रेगुलेटरी जोन बनाए जाएंगे, ड्रेनेज का कार्य पुनः किया जाएगा, नदियों से स्लज(गाद) को हटाया जाएगा। साथ ही, एआई के माध्यम से वॉटर ट्रीटमेंट टूल्स का उपयोग किया जाएगा। बैठक में वीसी के माध्यम से जुड़ी केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव ने आश्वासन दिया कि नदियों के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। बैठक में आईपीडीएस के अन्तर्गत प्रमुख टेक्सटाइल क्लस्टरों एवं सीईटीपी की स्थिति की जानकारी दी गई।



बैठक में बताया कि बालोतरा में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD) वाला 18 MLD क्षमता का संयंत्र परियोजना की लागत 131.90 करोड़ रुपये है, जिसमें केन्द्र सरकार का अंशदान 65.95 करोड़ रुपये है। RSPCB द्वारा पिछले कुछ महीनों से बंद है।



जवाहर कला केंद्र में सजा फोटोग्राफी का महाकुंभ

## फोटोग्राफी किसी क्षण, भाव और कहानी को सहेजने की कला:डीजीपी राजीव कुमार शर्मा

जयपुर(नि.सं.)।राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित 'नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन' के पांचवें सीजन का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 21 से 23 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न स्थानों के साथ राजस्थान की संस्कृति, प्रकृति, वन्यजीवन और जनजीवन से जुड़ी चुनिंदा तस्वीरों के साथ पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने फीता खोलकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों और पेंटिंग्स का अवलोकन किया तथा फोटोग्राफर्स और कलाकारों के कलाकौशल एवं रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। डीजीपी ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं, बल्कि किसी क्षण, भाव और कहानी को सहेजने का माध्यम है। ऐसी प्रदर्शनियां कलाकारों की रचनात्मकता को सामने लाने के साथ समाज को अलग-अलग दृष्टिकोणों से देखने का अवसर देती हैं। 'नजर' प्रदर्शनी में फोटोग्राफी और पेंटिंग का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से प्रकृति और वन्यजीवन से जुड़ी तस्वीरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी तस्वीरें लोगों को पर्यावरण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

न्यूज इन बॉक्स



## अदिति भटनागर ने जीता द मिस ग्लोब इंडिया

### खुशबू यादव बनीं मिस ओशियन इंडिया, मॉडल्स ने पर्यावरण बचाने को लेकर दिए सुझाव

जयपुर(नि.सं.)। जगमगाती रोशनी, आकर्षक प्रस्तुतियां, शानदार स्टेज और रैंप पर आत्मविश्वास के साथ वॉक करतीं देशभर की खूबसूरत मॉडल्स। कुछ ऐसा ही नजारा जयपुर के अनंत महल में आयोजित प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट 'मिस फ्यूजन इंडिया' के ग्रैंड फिनाले में ग्लैमर के साथ प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला। फ्यूजन ग्रुप की ओर से आयोजित इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचीं प्रतिभागियों ने अपनी खूबसूरती के साथ टैलेंट, व्यक्तित्व और विचारों से भी जूरी को प्रभावित किया। ग्रैंड फिनाले की शुरुआत निवारा कॉलेज के स्टूडेंट्स की ओर से डिजाइन किए गए परिधानों में ओपनिंग एक्ट के साथ हुई।





संवेदनशील व क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश

## नगरीय निकाय आम चुनाव को पूर्ण निष्पक्षता, निर्भीकता व स्वतंत्रता से संपन्न कराएं : जिला निर्वाचन अधिकारी

जयपुर(नि.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले के नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को पूर्ण निष्पक्षता, निर्भीकता व स्वतंत्रता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिस्पिल) संदेश नायक की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी वार्डो के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारीयों एवं संबंधित पुलिस अधिकारीयों के साथ बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जयपुर जिले की 1 नगर निगम, 2 नगर परिषद् सहित 19 नगरीय निकायों के कुल 690 वार्डों के चुनावों को पूर्ण निष्पक्षता, निर्भीकता व स्वतंत्रता के साथ संपन्न कराना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को चुनावों के लिए लोकसूचना जारी होगी। 31 अगस्त 2026 संबंधित रिर्टनिंग अधिकारी के यहां नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है। मतदान दो चरणों में होगा- प्रथम चरण में 9 सितंबर 2026, नगर पालिकाओं एवं नगर परिषद में व दूसरा चरण 11 सितंबर 2026, शुक्रवार को नगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों के चुनाव हेतु प्रातः 7 बजे से सांयः 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारीयों व उनके समकक्ष पुलिस अधिकारीयों को उनके बूथों का मौका देखने एवं सभी आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर चुनावों को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने सभी संवेदनशील एवं क्रिटीकल मतदान केंद्रों की पहचान कर माकूल कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निंदेश भी दिए हैं। उन्होंने चुनाव को पूर्ण निर्भीकता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए असामाजिक तत्वों के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश भी प्रदान किए हैं। चुनाव के दौरान मादक पदार्थों, अवैध हथियारों के परिवहन को रोकने हेतु क्षेत्रीय परिवहन, पुलिस व आबकारी अधिकारियों को संयुक्त रूप से चैकपोस्ट लगाकर वाहनों को नियमित रूप से चैक करने के निर्देश भी प्रदान किए हैं।

शौर्य वीर के सपनों को माता-पिता ने दी नई उड़ान

## मुंबई में शुरू किया प्रोडक्शन हाउस; पहली वेब सीरीज 'कर्ण पिशाचिनी' का मुहूर्त



कोटा(वि.सं.)। कोटा के चाइल्ड एक्टर शौर्य वीर की स्मृतियों और उनके अभिनय के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए उनके माता-पिता ने मुंबई में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नई शुरुआत की है। शौर्य वीर के असामयिक निधन के बाद उनकी मां एवं अभिनेत्री रीता शर्मा और पिता डॉ. जितेंद्र शर्मा ने 'शौर्य वीर प्रोडक्शन' की शुरुआत की है। डॉ. जितेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रोडक्शन हाउस के माध्यम से वेब सीरीज, शॉर्ट फिल्म और फीचर फिल्मों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही नए कलाकारों और प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में रविवार को मुंबई में शौर्य वीर प्रोडक्शन की पहली वेब सीरीज 'कर्ण पिशाचिनी' का मुहूर्त और लॉन्च समारोह आयोजित हुआ। हॉरर-सस्पेंस और अलौकिक शक्तियों पर आधारित यह वेब सीरीज रहस्य और रोमांच से भरपूर कहानी पेश करेगी। इसमें निखलेश और प्रवीण मांजरेकर मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि त्रिशा कमलाकर मेन लीड एक्ट्रेस की भूमिका निभा रही हैं। सामग्री और अभिजीत भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। निर्देशन नेमित प्रोडक्शन के कुमार गौतम अमित कुमार गौतम ने किया है।



## अरिहंत आंचल में श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ रुद्राभिषेक, 300 श्रद्धालुओं ने की भगवान शिव की आराधना

जोधपुर(वि.सं.)। अरिहंत आंचल में रविवार, को भगवान शिव के पावन रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में करीब 250 से 300 श्रद्धालु शामिल हुए आयोजन के दौरान भगवान शिव का विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक किया गया । वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओंने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख-शांति, समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। इससे पहले आयोजकों द्वारा कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी की गई। अरिहंत आंचल में होने वाला यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण का साक्षी बना। रुद्राभिषेक के माध्यम से भगवान शिव की आराधना के साथ क्षेत्र में सुख, शांति और मंगल की कामना की गई। अरिहंत आंचल के मैनेजर कमलेश पुरोहित श्रीपत ने बताया कि आयोजकों ने सभी आमंत्रित श्रद्धालुओं के समय पर उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने एवं भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने पर आभार व्यक्त किया।



## 64 साल साथ रहे पति-पत्नी की गठजोड़े में निकाली अंतिम-यात्रा

### पेड़ के फेरे लगवाकर एक चिता पर किया विदा; डेढ़-घंटे में दोनों ने तोड़ा था दम

जालोर(वि.सं.)। जालोर के भवराणी गांव में 64 साल, 4 महीने और 26 दिन तक जीवन के हर सुख-दुख में साथ निभाने वाले बुजुर्ग पति-पत्नी की अंतिम यात्रा भी साथ निकली। 90 वर्षीय पुनी देवी के निधन के महज डेढ़ घंटे बाद उनके पति दरगाराम प्रजापत (89) ने भी प्राण त्याग दिए। परिजन दोनों की अर्थियों को गठजोड़े में बांधकर एक साथ श्मशान घाट लेकर गए। वहां दोनों की अर्थी के गठजोड़े में पेड़ के फेरे करवाए गए और बड़े बेटे कालूराम ने एक ही चिता पर माता-पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान दंपती के चारों बेटों का परिवार और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग

## सांगानेर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1605 किलो बदबूदार मिठाइयां नष्ट

जयपुर। आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉक्टर टी शुभमंगला आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देशन एवं अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह एवं सयुक्त आयुक्त डॉक्टर विजय प्रकाश शर्मा के संयोजन में केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने आज सांगानेर इलाके में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने निरीक्षण के दौरान भारी अनियमितताएं और गंदगी पाए जाने पर 1600 किलो से अधिक पुरानी और बदबूदार मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट करवा दिया।

निरीक्षण का विवरण दिनांक 20 अगस्त 2026 को दोपहर 3:10 बजे खाद्य सुरक्षा दल ने असावाला, तहसील- सांगानेर (जयपुर) स्थित *मैसर्स शंकर लाल मावा वाले एण्ड केटर्स प्रा. लि.* के कारखाने पर औचक निरीक्षण किया। मौके पर खाद्य कारोबारी भरत शर्मा (पुत्र शंकर लाल शर्मा) उपस्थित मिले।

कार्रवाई के दौरान पाई गई मुख्य कमियां और अनियमितताएं

1. **बदबूदार मिठाइयों का जखीरा:** मौके पर विभिन्न मिठाइयों (जैसे- रसगुल्ला, बंगाली रसगुल्ला, केसरबाटी, राजभोग आदि) के 15-15 किलो के जंग लगे हुए 107 टीन (कंटेनर) बिना किसी लेबलिंग के रखे हुए पाए गए। इनमें से एक टीन को खोलकर देखने पर अंदर से जंग एवं बदबूदार मिठाई पाई गई। जन स्वास्थ्य को खतरे में देखते हुए टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुल 107 सील टीनों (लगभग 1605 किलो बदबूदार मिठाई) को मौके पर ही नष्ट करवा दिया।



2. **कीड़े-मकोड़े पड़ी चाशनी:** कारखाने में पुरानी और बासी चाशनी रखी पाई गई, जिसमें मक्खियां और कीड़े पड़े हुए थे। कारोबारी द्वारा इसी अशुद्ध चाशनी का उपयोग नई मिठाइयां बनाने में किया जा रहा था। टीम ने इस दूषित चाशनी को भी मौके पर ही फिकवा कर नष्ट करवाया।



## ट्रेलर ने पिकअप को मारी टक्कर, कंटेनर में घुसी

### गाड़ी में फंसे ड्राइवर की मौत, आधे घंटे बाद क्रेन से बाहर निकाली बॉडी

भीलवाड़ा(वि.सं.)। भीलवाड़ा में एनएच-48 पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिकअप बेकाबू होकर आगे चल रहे कंटेनर में जा घुसी। हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और वह पिकअप में बुरी तरह फंस गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद हाइड्रा क्रेन की मदद से उसे बाहर निकाला। शव को हाईवे एंबुलेंस से रायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। हादसे के बाद मौके पर टोलकर्मी और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया। हादसा रायला थाना क्षेत्र में लांबिया टोल के पास शनिवार को हुआ।

अवैध हथियार

## अवैध हथियार तलवार सहित आरोपी गिरफ्तार

बहरोड़(नि.सं.)। जिला कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस की ओर से अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बहरोड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध तलवार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तलवार जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, आईपीएस के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं अवैध हथियारों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा सुरेश कुमार




खींची के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक वृत्त बहरोड़ सचिन शर्मा, आरपीएस के सुपरविजन तथा थानाधिकारी बहरोड़ रविन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित थाना स्तरीय टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार 22 अगस्त 2026 को उप निरीक्षक बलराम मय जाप्ता गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नांगल चौधरी बाईपास रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास हथियार हो सकता है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तलवार बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी सतेन्द्र सिंह उर्फ श्यामबीर पुत्र लालसिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी बछामदी, थाना लखनपुर, जिला भरतपुर, हाल निवासी राव वीरेंद्र स्कूल के पीछे, बहरोड़ को गिरफ्तार कर लिया।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान | जयपुर में 6,900 लीटर संदिग्ध मूंगफली तेल सीज

## 60 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 101 नमूने लिए, उदयपुर में 600 लीटर संदिग्ध दूध सहित विभिन्न जिलों में मिठाई,मावा, घी और तेल नष्ट

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में संचालित शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने प्रदेशभर में सघन निरीक्षण और कार्रवाई की। अभियान के दौरान जयपुर में 6,900 लीटर संदिग्ध मूंगफली तेल सीज किया गया। वहीं, विभिन्न जिलों में करीब 1,150 किलो/लीटर दूषित एवं अमानक खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि




जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट और खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन तथा अतिरिक्त आयुक्त श्री भगवत सिंह और संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रदेशभर में 60 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 101 नमूने लिए गए। इनमें 54 प्रवर्तन नमूने और 47 निगरानी नमूने शामिल हैं।

मुख्यालय की केंद्रीय टीम ने गोविंद नगर स्थित मैसर्स श्री श्याम वेजिटेबल का औचक निरीक्षण किया। टीम ने यहां 'कुंदन पोस्टमैन' ब्रांड के रिफाइंड और फिल्टर मूंगफली तेल के नमूने लिए। बाजार भाव से काफी कम कीमत पर बिक्री किए जाने के कारण मिलावट की आशंका हुई। इस पर 6,900 लीटर तेल सीज किया गया। नमूनों को जांच के लिए राज्य केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

# आर्चरी प्रीमियर लीग खेलेंगी ओलंपिक मेडलिस्ट केसी कॉफहोल्ड, शामिल होंगे दुनिया के 12 स्टार तीरंदाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैदराबाद पेरिस 2024 ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट केसी कॉफहोल्ड (यूएसए) आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) के दूसरे सीजन में डेब्यू करेंगी। यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर से हैदराबाद में शुरू होगा, जिसमें 10 अलग-अलग देशों के 12 विदेशी तीरंदाज हिस्सा लेंगे। आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की इस लीग का दूसरा सीजन तेलंगाना सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें छह क्षेत्रीय फ्रेंचाइजी में बंटे 48 तीरंदाज हिस्सा लेंगे।



मौजूदा वर्ल्ड गेम्स इंडिविजुअल चैंपियन माइक श्लोसेर (वर्ल्ड नंबर 2) और एंड्रिया बेसेरा (वर्ल्ड नंबर 1) पहले सीजन के बाद फिर से वापसी करेंगे। सीजन 1 के स्टार और 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट मैथियास फुलरटन भी वापसी करेंगे। इनके साथ मेक्सिको के 22 वर्षीय मटियास ग्रांडे (वर्ल्ड नंबर 3) और स्पेन की एलिया कैनेलेस भी 11 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। 20 वर्षीय ओलंपिक मेडलिस्ट केसी कॉफहोल्ड उन खास खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल होंगी, जिनमें तुर्की के मेटे गाजोज और मेक्सिको की एलेजांद्रा वैलेंसिया जैसे ओलंपिक मेडलिस्ट शामिल हैं; ये दोनों खिलाड़ी लीग के पहले सीजन में भी खेले थे। कंपाउंड आर्चरी में वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी, कोलंबिया की एलेजांद्रा उस्कियानो, और ब्राजील के मार्कस डी'अल्मेडा - जो वर्तमान में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी हैं और 2014 यूथ ओलंपिक खेलों में ब्रॉन्ज मेडलिस्ट रहे हैं - उन अन्य अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजों में शामिल हैं जो हैदराबाद में एपीएल में डेब्यू करने जा रहे हैं।

# अर्जुन तेंदुलकर के करियर का बड़ा फैसला इस टीम के साथ ही जारी रखेंगे घरेलू क्रिकेट

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर के क्रिकेट करियर को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उनके इंटरनेशनल डेब्यू का इंतजार अब भी जारी है। 26 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन ने अपने घरेलू क्रिकेट करियर की शुरुआत मुंबई से की थी, लेकिन 2022-23 सीजन से पहले उन्होंने गोवा का रुख कर लिया। तब से वह गोवा की टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं। हाल ही में गोवा के ओमान दौरे पर अर्जुन के नहीं जाने के बाद उनके भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। हालांकि, अब अर्जुन ने गोवा के साथ अपने सफर को जारी रखने का फैसला किया है।



अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह टीम के नियमित सदस्य रहे हैं और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 50 से ज्यादा विकेट अपने नाम कर चुके हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर भी काफी काम किया है। रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के खिलाफ अर्जुन ने शानदार शतक भी लगाया था। इस प्रदर्शन के बाद अर्जुन की पहचान सिर्फ सचिन तेंदुलकर के बेटे के रूप में नहीं, बल्कि एक ऑलराउंडर क्रिकेटर के तौर पर भी मजबूत हुई है। गोवा की टीम ने उन्हें लगातार खेलने और गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी में अपनी क्षमता दिखाने का मौका दिया है। ऐसे में गोवा के साथ बने रहना उनके करियर के लिए अहम फैसला माना जा रहा है।

अर्जुन तेंदुलकर को IPL 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का हिस्सा बनने का मौका मिला। हालांकि, पूरे सीजन उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। आखिरकार सीजन के आखिरी मुकाबले में उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरने का मौका मिला। इस मुकाबले में अर्जुन ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने चार ओवर में 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उनकी गेंदबाजी में खास तौर पर यॉर्कर देखने को मिलीं।

## संक्षिप्त समाचार

### 2000 से ज्यादा ह्यूमनॉइड रोबोट दिखा रहे इंसानों जैसा करतब; हैरान हुए दर्शक



**बीजिंग , एजेंसी।** बीजिंग में दूसरे वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स यानी 'रोबोट ओलंपिक' की शुरुआत हो गई है। पांच दिन चलने वाले इस आयोजन में 16 देशों की 650 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। 2,000 से ज्यादा ह्यूमनॉइड रोबोट फुटबॉल, टेनिस, बॉक्सिंग, बैडमिंटन और एथलेटिक्स जैसे खेलों में अपनी क्षमता दिखा रहे हैं। चीन की राजधानी बीजिंग में शनिवार से दूसरे वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स (रोबोट ओलंपिक) की शुरुआत हो गई है। इस पांच दिवसीय आयोजन में 16 देशों के 650 से अधिक टीमों के 2,000 से ज्यादा ह्यूमनॉइड रोबोट हिस्सा ले रहे हैं। ह्यूमनॉइड के इस ओलंपिक में रोबोट्स के बीच दौड़, फुटबॉल, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, किकबॉक्सिंग जैसे विभिन्न खेल मुकाबले व औद्योगिक गतिविधियां हो रही हैं। पहले दिन 4,00 मीटर और 1,500 मीटर जैसी दौड़ पूरी तरह से स्वायत्त श्रेणी में हुई, जहां रोबोट्स बिना रिमोट कंट्रोल के दौड़े। वी आर चाइना की रिपोर्ट्स के मुताबिक, उद्घाटन के मौके पर रोबोट्स ने किसी आर्मी परेड की तरह बिल्कुल एक कतार और तालमेल में मार्च-पास्ट किया। चीनी ह्यूमनॉइड रोबोट गैलबॉट ने जब लॉन टेनिस के लिए जोरदार डाइव लगाई तो यह नजारा देख दर्शक हैरान रह गए।

### मान्सी लाथर ने जीता रजत, तन्वी और कोमल ने कांस्य पदक पर जमाया कब्जा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवानों ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। मान्सी लाथर ने 68 किग्रा में रजत, जबकि तन्वी मगदूम और कोमल ने 57 व 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय महिला पहलवानों ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन और पदक अपने नाम कर लिए। मान्सी लाथर ने 68 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता, जबकि तन्वी मगदूम और कोमल ने क्रमशः 57 और 59 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए।

#### मंसी लाथर को रजत पदक

68 किलोग्राम भारवर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में मान्सी लाथर को चीन की चेनलिंग सॉन्ग के खिलाफ बेहद करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। मान्सी को इस मुकाबले में 1-2 से शिकस्त मिली। इस तरह उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

#### तन्वी ने 10-4 से दर्ज की जीत

57 किलोग्राम भारवर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में तन्वी मगदूम ने कनाडा की अग्निया क्राकोव्स्का को 10-4 से हराया। इस जीत के साथ तन्वी ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया।

# बायर्न म्यूनिख ने जीता खिताब, फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराया

**डॉर्टमुंड, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराकर सीजन का पहला जर्मन सुपरकप (फ्रांज बेकनबाउर सुपरकप) जीता। जमाल मुसियाला और सर्ज ग्नाब्री के बाहर होने पर, बायर्न के कोच विंसेंट कोम्पनी ने नए खिलाड़ी डिफेंडर नैथेनियल ब्राउन को नंबर 10 रोल में भेजा। 23 साल के खिलाड़ी ने 28वें मिनट में गोल करके कोच के भरोसे को सही साबित किया। जोशुआ किमिच ने माइकल ओलिस की ओर एक लंबी गेंद भेजी, जिन्होंने एरिया के किनारे पर डॉर्टमुंड के डिफेंस को रोककर ब्राउन को बॉल दी। जर्मनी के इंटरनेशनल खिलाड़ी ने कोई गलती नहीं की, और गोलकीपर ग्रेगर कोबेल को छकाते हुए बायर्न के लिए अपना पहला प्रतियोगी गोल किया। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में विजिटर्स ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। जोबे बेलिंगहैम ने अपने ही हाफ में पजेशन खो दिया। ओलिस गेंद लेकर पेनल्टी एरिया में दौड़े और शांति से कोबेल के पार नीचे-बाएं कोने में गोल कर दिया। ब्रेक के बाद डॉर्टमुंड ने कई अटैकिंग सब्स्टीट्यूशन किए और 75वें मिनट में उन्हें इसका इनाम मिला जब सब्स्टीट्यूट फैबियो सिल्वा ने गोल किया। आखिरी स्टेज में दोनों टीमों ने तेजी से काउंटरअटैक किए। मैक्सिमिलियन बेयर के पास बराबरी करने का अच्छा मौका था लेकिन उन्होंने एक शॉट ऊपर मार गोल का मौका गंवा दिया और बायर्न ने जीत पक्की कर ली। इस जीत ने बायर्न को रिकॉर्ड 12वां सुपरकप टाइटल दिलाया। डॉर्टमुंड ने यह कॉम्पिटिशन छह बार जीता है। 2026-27 बुंडेसलीगा सीजन 28 अगस्त से शुरू होगा। डिफेंडिंग चैंपियन बायर्न वीएफबी स्टटगार्ट की मेजबानी करेगा। डॉर्टमुंड अगले दिन हैमबर्गर एसवी के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर अपना लीग कैंपेन शुरू करेगा। मैच के बाद न्यूएर ने कहा, 'अब टीम के साथ इस सीजन का मजा लेने का समय है, और फिर हम देखेंगे। लेकिन हां, यह हो सकता है कि यह आखिरी सीजन हो। न्यूएर के बयान को उनके भविष्य में संभावित बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



# स्टार्क की आंधी में उड़ा बांग्लादेश

## ऑस्ट्रेलिया ने 2 दिन के अंदर जीत लिया मैके टेस्ट, सीरीज 1-1 से बराबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा एवं आखिरी मुकाबला मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेला गया. इस मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पारी और 51 रनों से हरा दिया. इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबरी पर खत्म किया. पहला टेस्ट डार्विन में खेला गया था, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम को 9 विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी थी. अब कंगारुओं ने उस हार का बदला दमदार तरीके से लिया है.

मैके टेस्ट मैच का नतीजा दो दिन के अंदर आ गया. दूसरे दिन (23 अगस्त) चायकाल के कुछ देर बाद ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मैदान मार लिया. मैके टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत के हीरो तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क रहे. बाएं हाथ के दिग्गज गेंदबाज स्टार्क ने बांग्लादेश की दूसरी पारी में चार विकेट झटके. स्टार्क ने पहली पारी में छह विकेट चटकाए थे. यानी उन्होंने मुकाबले में कुल 10 विकेट अपने नाम किए. स्टार्क को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया.

मिचेल स्टार्क की तूफानी गेंदबाजी के चलते बांग्लादेश अपनी दूसरी पारी में 95 रनों पर ढेर हो गया. बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी में कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए. वहीं मुश्फिकुर रहीम 29 रन बनाकर नाबाद रहे. बाकी के 9 बल्लेबाज तो दोहरे अंकों तक नहीं पहुंच पाए, जिनमें तीन का खाता तक नहीं खुला. कप्तान पैट कमिंस और नाथन लायन ने तीन-तीन विकेट लेकर स्टार्क का अच्छा साथ निभाया.



### शोरिफुल की मेहनत बेकार गई

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 210 रनों पर सिमट गई थी. पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 146 रनों की लीड मिली. कैमरन ग्रीन ने 10 चौके की मदद से 105 बॉल पर 67 रन बनाए. वहीं स्टीव स्मिथ (42 रन) और नाथन लायन (नाबाद 32 रन) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं. बांग्लादेश के लिए लेफ्ट आर्म पेसर शोरिफुल इस्लाम ने 7 विकेट लिए. जबकि तैजुल इस्लाम, मेहदी हसन मिराज और तस्कीन अहमद को एक-एक विकेट मिले.

# पुर्तगाली फुटबॉलर क्यूविन कास्त्रो की मौत:मैदान पर गिरे, अस्पताल में तोड़ा दम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल के 25 साल के फुटबॉलर क्यूविन कास्त्रो की मैच के दौरान मैदान पर गिरने के बाद मौत हो गई। वह शनिवार को लिस्बन में प्री-सीजन फ्रेंडली मैच खेल रहे थे। इस घटना के बाद मैच स्थगित कर दिया गया। लिस्बन फुटबॉल एसोसिएशन ने उनके निधन की पुष्टि की। कास्त्रो पुर्तगाल में चौथे डिवीजन की लीग में खेलने वाली टीम रियल स्पोर्ट क्लब का हिस्सा थे। मुकाबला एस्ट्रेला डि अमाडोरा नाम की टीम से हो रहा था।



### 22वें मिनट में मैदान पर गिरे, अस्पताल ले जाया गया

कास्त्रो मैच के 22वें मिनट में मैदान पर गिर पड़े। उनके गिरने के बाद मेडिकल टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैदान पर उन्हें बिजली का झटका देकर होश में लाने की कोशिश भी की गई।

# वैभव सूर्यवंशी ने दलीप ट्रॉफी डेब्यू पर किया निराश... 2 चौके जड़े, फिर इस अनजान गेंदबाज ने फंसाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के लिए दलीप ट्रॉफी का डेब्यू उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा. नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वैभव ईस्ट जोन की ओर से पहली पारी में महज 8 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने लगातार दो चौके लगाकर इंटेंट दिखाया था, लेकिन इस आक्रामक अंदाज को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रख सके. बेंगलुरु स्थित (भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-2 पर खेले जा रहे मुकाबले में नॉर्थ ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर ईस्ट जोन को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था. नई गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और ईस्ट जोन ने शुरुआत में ही विकेट गंवा दिया. वैभव सूर्यवंशी ने अपने दलीप ट्रॉफी करियर की शुरुआत बिल्कुल उसी अंदाज में की, जिसके लिए वह पहचाने जाते हैं. पारी के दूसरे ओवर में बिश्वोरजीत कोंथौजम की तीसरी गेंद को कवर रीजन से उन्होंने बाउंड्री के पार पहुंचाया. अगली गेंद पर भी उन्होंने कवर ड्राइव लगाकर चौका बटोरा. हालांकि गेंदबाज ने जल्द ही उनकी आक्रामकता का जवाब ढूंढ लिया. आखिरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी ने एक और बार कवर ड्राइव खेलने की कोशिश की, लेकिन इस बार टाइमिंग सही नहीं रही. गेंद बल्ले का किनारा लेकर गली में पहुंची, जोसेफ लालथनखुमा ने कैच लपक लिया. इस तरह वैभव की पहली दलीप ट्रॉफी पारी 6 गेंदों में 8 रनों पर समाप्त हुई. बिश्वोरजीत कोंथौजम ने लगातार दो चौके खाने के बावजूद अपना संयम बनाए रखा और ओवर की आखिरी गेंद पर युवा बल्लेबाज को पवेलियन भेजकर हिसाब बराबर कर लिया.

# देवदत्त पडिक्कल ने लगातार दूसरे टेस्ट में भी शतक लगाया, नंबर-3 पर खत्म की भारत की टेंशन

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भारत ने 4 विकेट पर 291 रन बनाए हैं। देवदत्त पडिक्कल ने लगातार दूसरे टेस्ट में शतक लगाया है। वह 117 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रवींद्र जडेजा फिफ्टी के करीब थे। पडिक्कल ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 167 और दूसरी पारी में 44 रन बनाए थे।

इससे पहले कप्तान शुभमन गिल 50 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 18 और यशस्वी जायसवाल 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। ऋषभ पंत 3 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्हें लाहिरू कुमारा की शॉर्ट गेंद बाएं हाथ की कलाई पर लगी थी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। गॉल में पहला टेस्ट 165 रन से जीतकर भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे है।

संयम भरी पारी और कप्तान गिल के साथ अहम साझेदारी

पडिक्कल ने इस पारी में गजब का धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने बिना कोई जोखिम उठाए बेहद आराम से बल्लेबाजी की और 168 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने एक भी छक्का नहीं लगाया और 10 चौके जड़े। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर एक मजबूत साझेदारी निभाई, जिसकी बदौलत भारतीय टीम मैच में काफी मजबूत और संभली हुई स्थिति में पहुंच गई है। टीम इंडिया ने इस मैच में सिर्फ 66 रन पर अपने दो विकेट खो दिए थे। इसके बाद शुभमन गिल और देवदत्त पडिक्कल ने बीच तीसरे विकेट के लिए 120 रनों की अहम साझेदारी हुई।

पिछले काफी समय से भारतीय टेस्ट टीम नंबर-3 के स्थान पर एक ऐसे भरोसेमंद बल्लेबाज की तलाश में थी, जो तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों का मजबूती से सामना कर सके। पडिक्कल ने लगातार दो शतकों के साथ इस समस्या को लगभग पूरी तरह से सुलझा दिया है। जिस तरह से वे स्पिन और पेस अटैक के खिलाफ आसानी से रन बना रहे हैं, उससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह काफी हद तक पक्की कर ली है।पडिक्कल के इस निरंतर शानदार प्रदर्शन ने उन खिलाड़ियों के लिए राह कठिन कर दी है जो लंबे समय से नंबर-3 की रेस में बने हुए थे। इनमें सबसे प्रमुख नाम साई सुदर्शन का है। गौरतलब है कि साई सुदर्शन के चोटिल होने के बाद ही देवदत्त पडिक्कल को भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में शामिल होने का मौका मिला था।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com